



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल






वर्ष- 13, अंक - 251 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 28 जून 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर

### नक्सलियों ने किया 'अग्निपथ' का विरोध, युवाओं के आंदोलन को दिया समर्थन

**रायपुर।** केंद्र सरकार की 'अग्निपथ योजना' के विरोध में अब नक्सली भी उतर आए हैं। माओवादी संगठन के दक्षिण सब जोनल ब्यूरो की प्रवक्ता समता ने प्रेस नोट जारी कर भारतीय सेना में भर्ती की ठेका पद्धति 'अग्निपथ' के खिलाफ देशभर में जारी युवाओं के आंदोलन का समर्थन किया है। माओवादियों ने आह्वान किया है कि बस्तर संभाग के युवा अग्निपथ विरोधी आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और पुलिस, अर्ध-सैनिक व सैन्य बलों में भर्ती का बहिष्कार करें। संगठन ने जल, जंगल, जमीन बचाने पीएलजीए में भर्ती होने का आह्वान किया है। वहीं बस्तर आईजी ने कहा कि नक्सलियों का दायरा सिमट रहा है। इससे उनमें बौखलाहट है और गलत बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं।

माओवादी संगठन की प्रवक्ता समता ने कहा है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें एक ओर जन-विरोधी नीतियों पर अमल करते हुए बेरोजगारी को बढ़ावा देती है और दूसरी ओर गरीबी और बेरोजगारी का नाजायज फायदा उठाते हुए युवाओं को पुलिस, अर्ध-सैनिक व सैन्य बलों में भर्ती करती है। केंद्र एवं राज्य के तमाम सरकारी विभागों में रिक्त पदों की भर्ती नहीं करते हुए अस्थायी तौर पर ठेका प्रथा, केजुअल एवं दैनिक वेतन भोगी पद्धतियों में कुछेक लोगों को शिक्षाकर्मी, शिक्षादूत, जनभागीदारी शिक्षक एवं कर्मचारियों के तौर पर नियुक्तियां दे रही है। माओवादी संगठन की प्रवक्ता समता ने प्रेस नोट में कहा कि स्थायी नौकरियों की तुलना में एक-चौथाई या एक-तिहाई वेतन ही ऐसे कर्मचारियों को दिया जाता है। इसे अब अग्निपथ के नाम पर सेना में भी शुरू किया जा रहा है। माओवादी संगठन सरकारी नौकरी में ठेका पद्धति को पूरी तरह बंद करने, सभी विभागों में रिक्त पदों पर तुरंत स्थायी नियुक्तियां करने तथा ठेका प्रथा के तहत काम काम करने वालों को नियमित करने की मांग को लेकर आंदोलन को व्यापक बनाने की मांग की है।

देवेन्द्र फड़नवीस दिल्ली रवाना, राज्य में जल्द बन सकती है नई सरकार

# उद्धव सरकार की विदाई तय? शिंदे गुट को मिलेंगे 13 मंत्री पद



**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में नई सरकार को लेकर हलचल तेज हो गई है। इस बीच खबर है कि भाजपा नेता व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। महाराष्ट्र में करीब 31 माह पुरानी उद्धव ठाकरे नीत महाविकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार की विदाई करीब आती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भाजपा व बागी खेमे में जोश आ गया है। खबरों के अनुसार देवेंद्र फड़णवीस के नेतृत्व में राज्य में जल्द नई सरकार बन सकती है। इसमें भाजपा के अलावा शिंदे गुट के मंत्री शामिल होंगे।

महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन के लिए भाजपा व शिवसेना के बागी शिंदे गुट के बीच लगभग सहमति बन गई है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्रियों के नामों की सूची लेकर पूर्व सीएम व भाजपा नेता देवेंद्र फड़णवीस दिल्ली रवाना हो गए हैं। वे वहां भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर इसे अंतिम रूप देंगे। सूत्रों के अनुसार देवेंद्र फड़णवीस के नेतृत्व में संभावित नई सरकार में भाजपा के 29 मंत्री होंगे तो एकनाथ शिंदे गुट के 13। शिंदे गुट को आठ कैबिनेट मंत्री पद दिए जाएंगे जबकि पांच विधायकों को राज्यमंत्री बनाने की तैयारी है।

### राज्यपाल से जल्द की जाएगी यह मांग

सूत्रों का कहना है कि जल्द ही भाजपा और शिवसेना का बागी गुट राज्यपाल भगत सिंह कोश्यिारी से मुलाकात कर उद्धव सरकार के अल्पमत में होने की सूचना देगा। इसके साथ ही मांग की जाएगी कि वे सरकार को विधानसभा में विश्वास मत अर्जित करने का निर्देश दें।

### विधानसभा बनेगी शक्ति प्रदर्शन का केंद्र

राज्यपाल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर उद्धव सरकार को बहुमत साबित करने का निर्देश देते हैं तो गुवाहाटी-मुंबई-दिल्ली की यह कुर्सी दौड़ विधानसभा पर केंद्रित हो जाएगी। महाविकास अघाड़ी और भाजपा व शिंदे गुट के बीच यहां जबर्दस्त शक्ति परीक्षण होगा। यदि सीएम उद्धव ठाकरे ने टकराव टालने की राह पर कदम बढ़ाए तो वे इस्तीफा देकर नई सरकार को रास्ता साफ कर सकते हैं, लेकिन इसकी संभावना कम हैं, क्योंकि शिवसेना व राकांपा बागियों को मुंबई आने की चुनौती दे रहे हैं।

### ये होंगे शिंदे गुट के संभावित मंत्री डिप्टी सीएम पद की भी मांग

एकनाथ शिंदे, दादा भुसे, अब्दुल सत्तार, दीपक केसरकर, गुलाबराव पाटिल, राजेन्द्र पाटिल, बच्चू काडू, संदीपन भूमरे, प्रकाश आबिदकर, उदय सामंत, संजय रैमुलकर, शंभुराज देसाई और संजय शिरसाट। इनमें से शिंदे, उदय सामंत, दादा भुसे, गुलाबराव पाटिल और दीपक केसरकर कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। सूत्रों के अनुसार शिंदे गुट की ओर से डिप्टी सीएम पद की मांग की जा रही है। हालांकि, इस पर अभी सहमति नहीं बनी है।

### अल्पत में आने के बाद उद्धव सरकार ले रही अंधाधुंध फैसले विपक्ष की शिकायत पर राज्यपाल ने मांगी जानकारी

महाराष्ट्र में चल रहे सियासी घमासान के बीच अब राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने विपक्ष की शिकायत पर उद्धव सरकार को चिट्ठी लिख 22 से 24 जून तक मंजूर की गई फाइलों व आदेशों की जानकारी मांगी है। राज्यपाल की ओर से यह चिट्ठी विपक्षी नेता प्रवीण दारेकर की शिकायत के बाद लिखी गई है। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र सरकार ने जल्दबाजी में आदेश पास किए।

विपक्ष की शिकायत के अनुसार महाविकास अघाड़ी की सरकार में सहयोगी दल एनसीपी और कांग्रेस द्वारा नियंत्रित विभागों से 22-24 जून तक अलग-अलग विकास संबंधी कार्यों के लिए सैकड़ो करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। इसके बाद राज्यपाल के दफ्तर ने इस मामले में जानकारी देने के लिए कहा है।

### एक और विधायक शिंदे गुट में हो सकता है शामिल

महाराष्ट्र संकट पर सुप्रीम सुनवाई के एक दिन बाद खबर है कि उद्धव खेमे का एक और विधायक शिंदे गुट में शामिल हो सकता है। हालांकि, अभी विधायक का नाम सामने नहीं आया है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने डिप्टी स्पीकर के विधायकों को भेजे गए नोटिस पर 12 जुलाई तक की रोक लगा दी है।

### सुप्रीम कोर्ट से मिली बागियों को राहत

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बागियों को राहत दे दी है। कोर्ट ने 15 बागियों को विधानसभा के डिप्टी स्पीकर द्वारा अयोग्य ठहराने पर संबंधित सभी पक्षों से जवाब मांगा है। इसके साथ ही 12 जुलाई को आगे सुनवाई की जाएगी। इस आदेश से बागियों को विधानसभा में मतदान का अवसर मिल गया है, क्योंकि उन्हें अभी अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

कोरोना महामारी के खिलाफ सख्त हुई भूपेश सरकार

# राज्य के एयरपोर्ट और सीमाओं पर कोविड टेस्ट किया अनिवार्य



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश में बढ़ते कोरोना मामलों के बीच छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सभी एयरपोर्ट और सीमाओं पर कोरोना टेस्ट अनिवार्य कर दिया है। भूपेश बघेल सरकार ने सोमवार को आदेश दिया कि दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों के नमूनों की जांच हवाई अड्डों और राज्य की सीमाओं पर की जाए ताकि कोविड-19 संक्रमण पर नियंत्रण रखा जा सके।

### सामान्य प्रशासन विभाग ने लिखा पत्र

कोरोना पर लगाम लगाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने संभागीय आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर राज्य में हवाई अड्डों पर पहुंचने वाले यात्रियों के लिए कोविड-19 जांच से संबंधित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लिखा है। सरकारी बयान में कहा गया है कि अंतरराज्यीय सीमा चौकियों से आने वाले यात्रियों के नमूनों की जांच परिवहन विभाग के समन्वय से की जानी चाहिए।

### ये हैं आंकड़े

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि राज्य ने सोमवार को 125 कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। जिसके बाद अब राज्य में कोरोना के कुल मामलों की संख्या 11,53,867 हो गई है। वहीं अब तक राज्य में कोरोना से मरने वालों की संख्या 14,036 है।

उन्होंने कहा कि दुर्ग में 28, रायपुर में 26, सरगुजा और बेमेतरा में नौ-नौ और बिलासपुर में कोरोना के आठ मामले सामने आए हैं जबकि 10 जिलों में सोमवार को कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। वहीं सोमवार को राज्य में 64 लोग कोरोना से ठीक हुए। जिसके बाद अब ठीक होने वालों की संख्या 11,39,074 हो गई है। वहीं वर्तमान में राज्य में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 757 हो गई है। उन्होंने बताया कि सोमवार को राज्य में 10,268 कोरोना नमूनों की जांच की गई।

## देश में खतरनाक हुआ कोरोना सक्रिय मरीज एक लाख के करीब, एक दिन में 27 की मौत

देश में कोरोना संक्रमण खतरनाक होता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से दैनिक मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। हर दिन 10 हजार से ऊपर मामले सामने आ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटे में फिर से 11,793 नए कोरोना संक्रमित सामने आए। भले ही यह संख्या सोमवार के मुकाबले कम हो, लेकिन आंकड़े डराने वाले हैं। सोमवार को देश में 17,073 नए मामले सामने आए थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। देश में अब सक्रिय मरीजों की संख्या एक लाख के करीब पहुंच गई है। आज जारी हुए आंकड़ों के मुताबिक, 96,700 कोरोना मरीज उपचाराधीन हैं।

### एक दिन में 27 की मौत

देश में कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या में भी उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटों में कोरोना ने देश में 27 की जान ले ली। जबकि, एक दिन पहले 21 लोगों की मौत हुई थी। अब देश में कोरोना से होने वाली कुल मौतों की संख्या बढ़कर 525047 पहुंच गई है।

# त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव: 3 जनपद सदस्य, 62 सरपंच चुनने 255 केंद्रों में वोटिंग जारी, 30 को आएगा परिणाम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव-2022 के तहत प्रदेश के 21 जिलों में जनपद पंचायत सदस्य के 3, सरपंच के 62 और पंच के 52 पदों के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुई है और यह दोपहर 3 बजे तक होगा। निर्वाचन क्षेत्रों में 255 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां कड़ी सुरक्षा के बीच वोटिंग जारी है। चुनाव वाले क्षेत्रों में 26 से 28 जून यानी 3 दिनों तक शराब की दुकानें बंद की गई हैं। पंचायत चुनाव गैर दलीय आधार पर हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के 6 जनपद पंचायत सदस्य के खाली पदों में से 3 पद जिसमें बिलासपुर जिले के जनपद पंचायत तखतपुर, गरियाबंद जिले के छुरा और बीजापुर जिले के भैरमगढ़ जनपद पंचायत में निर्विरोध की स्थिति है। वहीं मुंगेली जिले के जनपद पंचायत मुंगेली, बस्तर जिले के जनपद पंचायत तोकापाल और कोंडागांव जिले के जनपद पंचायत फरसगांव में 1-1 सदस्य के लिए चुनाव हो रहे हैं। मतदान पुलिस व अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी में मतदान कराए जा रहे हैं। चुनाव को लेकर ग्रामीणों में गजब का उत्साह है।

### जनपद के 9 व सरपंच के 206 प्रत्याशी मैदान में

राज्य के 21 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव हो रहे हैं। जनपद सदस्य के 6, सरपंच के 108 और पंच के 631 खाली पदों पर उप चुनाव कराए जा रहे हैं। 3 जनपद सदस्य के लिए 9, 62 सरपंच पद के लिए 206 तथा 52 पंच पदों के लिए 114 उम्मीदवार मैदान में हैं। 13 जून को नाम वापसी के बाद जनपद सदस्य के 3 पद, सरपंच के 22 और पंच के 406 पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध जीत गए हैं। जीत की घोषणा अभी नहीं की गई। मतदान के बाद केंद्रों में ही वोटों की गिनती होगी और परिणामों की घोषणा 30 जून को विकासखंड मुख्यालय में की जाएगी।

## अवैध शराब के खिलाफआबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**दुर्ग।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर रोकथाम की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी अपराधों पर नियंत्रण हेतु जारी अभियान के तहत आबकारी टीम द्वारा लीलाधर यादव आत्मज निर्मल यादव गुड़यारी तहसील पाटन के पास से 188 नग पाव (51.840 बल्क लीटर) देशी मदिरा, होटल मार्क क्लब रिसोर्ट रिसाली भिलाई में बिरेन्दर ठाकुर आ. विनोद ठाकुर व मैनेजर जटा शंकर पाठक आ. महेश्वर पाठक द्वारा बिना लायसेंस के क्लब बार का संचालन करते पाए जाने पर विदेशी मदिरा 100 पाईपर, बकार्डी रम, ब्लैक लेबल, एब्सलूट, ब्लैकबेरी, सूला वाईन, केटल वन, मैजिक मोमेंट, बैलनटाईन, ब्लेण्डर, सिंगनेचर, रेड लेबल, ब्रीजर, इन विभिन्न ब्राण्डों के कुल 14.370 बल्क लीटर तथा बडवाईजर, सिम्बा एवं हेनिकेन बीयर के कुल 9.850 बल्क लीटर जप्त कर आरोपियों को आबकारी अधिनियम कें अंतर्गत गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया है।

## काश ऐसी शर्त शादी के लिए भी होती



दीपक रंजन दास




दुनिया में सबसे गंदी बीमारी अगर कोई है, तो वह है शक करने की। विदेश का तो पता नहीं पर देश में पूरी व्यवस्था शक के आधार पर टिकी हुई है। और इसी शक को दूर करते-करते अकसर जिन्दगी गुजर जाती है। सरकार को हर साल अनाथ बच्चे मिलते हैं। कोई स्टेशन पर पड़ा मिलता है तो किसी को कोई बस स्टैण्ड पर छोड़ गया होता है। कुछ बच्चे आवारागर्दी करते हुए भी मिल जाते हैं जिन्हें आश्रयस्थलों में रखा जाता है। आज कल अस्पतालों में भी बच्चों का पालना लगा होता है। इसके सामने दीवार पर लिखा होता है कि आप यहां अपना अवांछित बच्चा छोड़ सकते हैं। आपसे कोई जवाब तलब नहीं किया जाएगा। बच्चे को कूड़ेदान में फेंका तो आपकी खैर नहीं, सूंघती हुई पुलिस घर पहुंच जाएगा। कानूनी झमेले के अलावा सामाजिक छीछालेदर भी होगी। छत्तीसगढ़ की 14 संस्थाओं और आश्रमों में फिलहाल 2200 बच्चे हैं। बच्चा गोद लेने के लिए 723 आवेदन लगे हुए हैं जिनमें से 97 को शार्टलिस्ट किया गया है। बच्चा गोद लेने के लिए दंपति को पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आयकर रिटर्न, विवाह या डिवोर्स प्रमाण पत्र, पति या पत्नी की मृत्यु हो चुकी होतो उसका डेथ सर्टिफिकेट, जन्म प्रमाण पत्र, डाक्टरी प्रमाण पत्र आदि देना होता है। यह साबित करना होता है कि गोद लेने वाले के पास इतनी संपत्ति है कि अगर उसे कुछ हो गया तो भी बच्चे की परवरिश पर आंच नहीं आएगी। काश! ऐसी कोई शर्त शादी-ब्याह के लिए भी रख दी जाती। 80 फीसदी लोग न शादी कर पाते और न बच्चे पैदा कर पाते। देश की आबादी की समस्या अपने आप हल हो जाती। दूसरी समस्या शक की है। शक की कोई दवा नहीं होती। जिम्मेदारों को लगता है कि लोग बच्चों को ले जाकर बेच देंगे, उनसे शादी कर लेंगे, उनसे धंधा करवाएंगे। इसकी रोकथाम के लिए भी कठोर नियम बनाए गए हैं। 4 साल का बच्चा गोद लेने के लिए प्रार्थी की उम्र 45 साल, 8 साल के लिए 50 साल तथा 18 साल के बच्चे के लिए 55 साल से अधिक होनी चाहिए। यानी बच्चे और उसके दत्तक माता पिता के बीच उम्र का कम से कम 25 साल का फासला होना चाहिए। सरकार को शक है कि इतना फर्क नहीं रखा तो लोग बेटी बना कर ले जाएंगे और बीवी बना लेंगे। एक दंपति को पिछले पांच साल से केवल इसलिए बच्चा नहीं दिया जा रहा है कि जिम्मेदार उसपर भरोसा नहीं कर पा रहे। लिहाजा फकाराफ में आवेदन लगाए बैठे लोग चार-चार पांच-पांच साल से इंतजार कर रहे हैं और अनाथ बच्चे आश्रम में ही बड़े हो रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने सिकोला में हाईटेक नर्सरी का किया लोकार्पण उचित वातावरण में 5 से 50 गुना तक वृद्धि दर्ज कर पाएंगे पौधे

### कदंब का पौधा भी लगाया मुख्यमंत्री ने

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पाटन के सिकोला में स्थित हाईटेक नर्सरी का लोकार्पण किया। 3 करोड़ 8 लाख रुपये की लागत से बनी इस नर्सरी में नेचुरल वेंटिलेटेड शेड नेट के चलते पौधे 5 गुना से 50 गुना तक वृद्धि दर्ज कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कदम्ब का पौधा भी लगाया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हाईटेक नर्सरी के माध्यम से बड़े पैमाने पर पौधे उगाए जा सकेंगे। इससे पौधरोपण के कार्य को बढ़ावा मिलेगा और तेजी से हरियाली प्रसार की दिशा में काम किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि परिसर में बाउंड्री वॉल, फॉरेस्ट गार्ड क्वार्टर, एडमिन ब्लॉक, सपोर्ट बिल्डिंग सिंचाई व्यवस्था का निर्माण भी किया गया है। यहां 50 हजार पौधों की तैयारी आरंभ कर दी गई है।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर नर्सरी का अवलोकन भी किया। हाईटेक नर्सरी की विशेषता है कि यहां पर एग्जॉटिक पौधों का रोपण भी हो सकेगा। वन विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां ग्रीन हाउस फैन कूलिंग की सुविधा भी है। इससे एग्जॉटिक पौधों की रोपणी में भी मदद मिलेगी। एग्जॉटिक पौधों के आरंभिक रिवाइवल में काफी कठिनाई होती है। नर्सरी के वेंटिलेटेड नेट के चलते यहां के सुरक्षित वातावरण में एग्जॉटिक पौधों को प्रतिरोधक क्षमता मिल पाएगी। इसके साथ ही पाली हाउस में बीजों का अंकुरण भी कम समय पर होगा। अधिकारियों ने बताया कि पाली हाउस में बीजों का अंकुरण कम समय पर हो जाएगा। तापमान और आर्द्रता के नियंत्रण के माध्यम से यह संभव हो पाएगा। इन पौधों पर कीट पतंगों का प्रकोप भी नहीं होगा। अक्सर कीट पतंगों के चलते पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है और आरंभिक स्तर पर कीट पतंगों के नुकसान से पौधों को बचाना कठिन हो जाता है। ड्रिप के माध्यम से उर्वरकों का प्रयोग भी आसानी से हो पाएगा।




### फलोद्यानों के विकास में मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यहां काम कर रही स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ फोटो भी खिंचाई और उनसे कहा कि पौधरोपण के कार्य को तेजी से बढ़ावा देना है। इस नर्सरी के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को आसानी से पौधे प्राप्त हो पाएंगे और पाटन क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों का उत्पादन तेजी से बढ़ेगा। इस दौरान पर्यावरण एवं वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पाटन क्षेत्र के निवासियों के लिए हाईटेक नर्सरी बेहतरीन सुविधा होगी। इसके चलते यहां फलोद्यानों के विकास में भी मदद मिलेगी। हाईटेक नर्सरी होने से एग्जॉटिक पौधों के बड़े मार्केट की संभावना भी पाटन क्षेत्र में तैयार होगी। इस दौरान पीसीसीएफराकेश चतुर्वेदी, सीसीएफबीपी सिंह, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव वन मंडल अधिकारी शशि कुमार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

# उपचुनाव के संकेत

देश में हुए ताजा उपचुनावों के नतीजे राजनीतिक रूप से बहुत सांकेतिक और महत्वपूर्ण हैं। तीन लोकसभा सीटों और सात विधानसभा सीटों के लिए छह राज्यों में 23 जून को मतदान हुआ था। कुल दस में से पांच सीटों पर भाजपा की जीत उसके प्रति मतदाताओं के कायम विश्वास को जाहिर करती है। हाल के समय में अग्निपथ योजना और उसके पहले नमाज, पत्थरबाजी, बुलडोजर के चलते बड़ा विरोध दिख रहा था, लेकिन कम से कम उत्तर प्रदेश में आलोचकों या आलोचना की हवा निकलती हुई दिखी है। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीटों पर भाजपा ने समाजवादी पार्टी को किनारे लगा दिया है। इन दोनों ही सीटों पर भाजपा का इतिहास अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में, इन दोनों सीटों पर मिली जीत पार्टी को और मजबूत करेगी। भाजपा यह दावा कर सकती है कि इन दोनों सीटों पर मिली जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राजनीतिक सफलता का फल है। विपक्षी दलों को आगामी चुनावों में अब बेहतर तैयारी के साथ मुकाबला करना पड़ेगा और साथ ही अपने प्रति जन-विश्वास को भी बनाए रखना होगा।

> “ सीधा सा मतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान अपनी पुरानी लोकसभा सीट भी पार्टी को नहीं दिला पाए। अब उनकी पार्टी के पास लोकसभा में एक भी सदस्य नहीं है। पंजाब में गठबंधन न होने का नुकसान शिरोमणि अकाली दल और भाजपा, दोनों को हो रहा है। क्या ऐसा ही नुकसान भाजपा और शिवसेना को महाराष्ट्र के आगामी चुनाव में भी होगा, यह सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए भी सोचने का विषय है।

भाजपा के लिए त्रिपुरा से भी अच्छी खबर आई है। वहां तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा ने बाजी मार ली है, पर कांग्रेस के लिए यह राहत की बात है कि उसने यहां एक सीट अगरतला भाजपा से छीन ली है। झारखंड में भी कांग्रेस को एक सीट हासिल हुई है, इससे पार्टी में जरूरी उत्साह आएगा। कुछ ऐसे राज्य हैं, जहां कांग्रेस लगातार मुकाबले में है, लेकिन उत्तर प्रदेश में वह न तो आजमगढ़ में और न रामपुर में मैदान में उतरी थी। एक राजनीतिक पार्टी को किसी भी चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी के सामने से जान-बूझकर हटना नहीं चाहिए। विपक्षी दल मिलकर भी लड़ सकते थे, एक-दूसरे का समर्थन कर सकते थे, पर ऐसा नहीं हुआ। यह भाजपा की बेहतर रणनीति की जीत है और विपक्षी दलों को ज्यादा तैयारी के साथ मुकाबले में उतरना चाहिए। उत्तर प्रदेश में भाजपा सबसे बड़ी ताकत है और अगले लोकसभा चुनाव को दो वर्ष से भी कम समय बचा है। कुछ शिकायतों के बावजूद भाजपा को सहज बढ़त हासिल होती दिख रही है। एक बात और गौर करने की है कि भाजपा के तीन सांसद भोजपुरी के सुपरस्टार भी हैं। इन भोजपुरी स्टार को बिहार के बाहर भी पसंद किया जा रहा है। इस विषय में भी विपक्षी दलों को सोचना होगा और जीतने के लिए ज्यादा जोखिम उठाना पड़ेगा। अगर चुनावों में किसी तरह की गड़बड़ी हो रही है, तो केवल आरोप लगा देने से काम नहीं चलेगा, उसे जनता के सामने साबित कर दिखाना होगा।

ऐसा नहीं है कि भाजपा के लिए सब कुछ अच्छा ही हो रहा हो। जहां दिल्ली में आम आदमी पार्टी के खिलाफवह एक बार फिर नाकाम हुई है, तो वहीं पंजाब में संगरूर लोकसभा सीट पर वह मुकाबले में काफी पिछड़ गई। पंजाब में आम आदमी पार्टी के लिए भी संकेत अच्छे नहीं हैं। उसके लिए दिल्ली का जश्न पंजाब आकर थम जाता है। सीधा सा मतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान अपनी पुरानी लोकसभा सीट भी पार्टी को नहीं दिला पाए। अब उनकी पार्टी के पास लोकसभा में एक भी सदस्य नहीं है। पंजाब में गठबंधन न होने का नुकसान शिरोमणि अकाली दल और भाजपा, दोनों को हो रहा है। क्या ऐसा ही नुकसान भाजपा और शिवसेना को महाराष्ट्र के आगामी चुनाव में भी होगा, यह सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए भी सोचने का विषय है।

## अग्निपथ क्यों बना कीचड़पथ?

अग्निपथ को हमारे नेताओं ने कीचड़पथ बना दिया है। सरकार की अग्निपथ योजना पर पक्ष-विपक्ष के नेता कोई गंभीर बहस चलाते, उसमें सुधार के सुझाव देते और उसकी कमजोरियों को दूर करने के उपाय बताते तो माना जाता कि वे अपने नेता होने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं लेकिन सत्तारुढ़ भाजपा के नेता आंख मींचकर अग्निपथ का समर्थन कर रहे हैं और सारे विपक्षी नेता उस पर कीचड़ उछाल रहे हैं। सरकार और फौज अपनी मूल योजना पर रोज ही कुछ न कुछ रियायतों की घोषणा कर रही है ताकि हमारे भावी फौजियों की निराशा दूर हो और उनमें थोड़े उत्साह का संचार हो लेकिन लगभग सभी विपक्षी दलों को यह एक ऐसा मुद्दा मिल गया है, जिसे भुनाने में वे कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यह तथ्य है कि अग्निपथ योजना के खिलाफ जो जबर्दस्त तोड़-फोड़ देश में हुई है, उसकी पहल स्वत: स्फूर्त थी। उसके पीछे किसी विपक्षी नेता या दल का हाथ नहीं था लेकिन अब आप टीवी चैनलों पर देख सकते हैं कि विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्त्ता और नेता हाथ में अपने झंडे लिए हुए नारे लगाते घूम रहे हैं। ये वे लोग हैं, जिन्हें न तो खुद फौज में भर्ती होना है और न ही इनके बच्चों को फौजी नौकरी पाना है। जिन नौजवानों को फौजी नौकरी पाना है, उनका गुस्सा स्वाभाविक था। हर आदमी अपने जीवन में स्थायी सुरक्षा और सुविधा की कामना करता है। कोई भी नौजवान चार साल फौज में बिताने के बाद क्या करेगा, यह प्रश्न उसे विचलित किए बिना नहीं रहेगा। फौज में जाने को ग्रामीण, गरीब और अल्पशिक्षित नौजवान इसलिए भी प्राथमिकता देते हैं कि उन्हें युद्ध तो यदा-कदा लड़ना पड़ता है लेकिन उनका शेष समय पूरी सुविधाओं और सुरक्षा में बीतता है और सेवा-निवृत्त होने पर 30-40 साल तक पेंशन और मुफ्त इलाज आदि की सुविधाएं भी मिलती रहती हैं और वे चाहें तो दूसरी नौकरी भी कर सकते हैं।

**वेद प्रताप वैदिक**

> “ डेढ़ साल बाद पाकिस्तान में नए चुनाव होंगे और कोई नहीं कह सकता, इसके बाद कैसी सरकार आएगी? इसी तरह, इस साल के खत्म होने के पहले वहां नया सेनाध्यक्ष आ जाएगा। यह भी किसी को नहीं पता कि भारत को लेकर उसकी नीतियां कैसी होंगी? यही समय है, जब भारत साहसिक राजनय का परिचय देते हुए पाकिस्तान से संबंध सुधारने की कोशिश कर सकता है। एक बार सुधार की रेल चल निकली, तो वैश्विक परिस्थितियां उसे आसानी से बेपटरी नहीं होने देंगी।

# साहसिक राजनय का सही समय

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी

साल 2008 के मुंबई हमलों के लिए एक प्रमुख जिम्मेदार साजिद मजीद मीर को लाहौर की अदालत द्वारा पंद्रह वर्षों से अधिक की सजा सुनाए जाने को क्या हम सिर्फ संयोग कह सकते हैं या इसे बदले परिवेश में पाकिस्तानी राज्य के चरित्र में आए एक गुणात्मक परिवर्तन के रूप में देखा जा सकता है? यह प्रश्न इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि मीर को कुछ ही दिनों पहले मृत घोषित किया जा चुका था और अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के आर्थिक स्रोतों पर नजर रखने वाली संस्था 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' यानी एफएटीएफने अपनी हालिया बैठक में पाकिस्तान को लगभग दोषमुक्त कर दिया है। फिर ऐसी क्या जरूरत आ पड़ी कि अपनी एजेंसियों द्वारा पाले-पोसे व्यक्ति को मुंबई हमले जैसी एक बड़ी आतंकी घटना में सजा दिलाई जाए? इसे समझने के लिए पड़ोसी देश में हाल में जो कुछ घटा, उसे समझना होगा।

पाकिस्तान के जन्म के बाद यह पहली बार है कि किसी सरकार को संविधान में वर्णित तरीके से अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटाया गया है। भारतीय पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि निवर्तमान प्रधानमंत्री इमरान खान को सबसे ज्यादा नाराजगी इस बात पर थी कि पाक सेना ने खुद को तटस्थ घोषित कर देश की अंदरूनी राजनीति में भाग लेने से इनकार कर दिया था। किसी दूसरे लोकतंत्र में तो सेना से यह स्वाभाविक अपेक्षा हो सकती है, लेकिन पाकिस्तान में शायद राजनीतिज्ञों ने भी इसे सहज रूप से स्वीकार कर लिया है कि सेना तो सरकार बनाने-बिगाड़ने के खेल में रहेगी ही। यह भी किसी से छिपा नहीं था कि सेना ही इमरान खान को लाई थी।

इमरान ने अपने साढ़े तीन साल के शासन में देश को आर्थिक बर्बादी के कगार पर पहुंचाने के साथ ही उसे राजनयिक रूप से भी अलग-थलग कर दिया था। नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफको खराब अर्थव्यवस्था को सुधारने और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से बिगड़े संबंध सुधारने के लिए इतने कठोर फैसले लेने पड़े। पेट्रोल की कीमतों में पचास रुपये प्रति लीटर से अधिक की बढ़ोतरी हुई, डॉलर की कीमत दो सौ रुपये की मनोवैज्ञानिक सीमा-रेखा पार कर गई और इमरान ने चलते-चलते मध्य वर्ग को आयकर में जो रियायतें दी थीं, वे सभी वापस ले ली गई हैं।

बहरहाल, नई सरकार के आते ही साजिद मजीद मीर की सजा को क्या भारत से संबंध सुधारने के प्रयास के रूप में लिया जा सकता है? निर्णायक रूप से कुछ भी कहना जल्दबाजी ही होगी और सत्ता गठबंधन के प्रमुख नेताओं से मिलने वाले संकेतों को नजरंदाज भी नहीं किया जा सकता। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है, सरकार में विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी का बयान कि पाकिस्तान बहुत दिनों तक



अलग-थलग नहीं रह सकता और उसमें छिपा यह संकेत कि उसे भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध मजबूत करने चाहिए। सत्ता गठबंधन के दूसरे बड़े दल मुस्लिम लीग (नून) के नेता नवाज शरीफ तो पहले भी भारत से बेहतर संबंध बनाने की बात करते रहे हैं और पिछली बार सेना द्वारा उन्हें हटाने के फैसले के पीछे एक घोषित कारण यह भी था।

वैसे सेना का मौजूदा नेतृत्व भी भारत से व्यापार के पक्ष में है। सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा ने चंद महीने पहले इशारा किया था कि पाक सेना को अब भारत से व्यापार करने में कोई ऐतराज नहीं होगा। उनकी हरी झंडी दिखाने के बाद सरकार के एक अंग ने भारत से कपास और गेहूं के आयात का प्रस्ताव रखा भी, पर तब तक इमरान व बाजवा के रिश्तों में खटास आने लगी थी और इस दिशा में बात आगे नहीं बढ़ी। अब बदली हुई परिस्थितियों में आगे बढ़ा जा सकता है। बदली परिस्थितियों में भी भारत को यह अपेक्षा नहीं करनी चाहिए कि पाकिस्तान का सैनिक या असैनिक नेतृत्व कश्मीर की बात करना बंद कर देगा। यह कल्पना करना भी वास्तविकता से मुंह मोड़ना होगा कि सेना वहां चल रहे पृथकतावादी आंदोलन को सहयोग करना बंद कर देगा। पिछले 75 वर्षों में उन्होंने अपनी जनता के मध्य जिस आख्यान को लोकप्रिय बनाया है, उसमें यह मुश्किल ही नहीं, असंभव भी है। जनता को खुश करने के लिए वे कश्मीर का मुद्दा उठाते रहेंगे, लेकिन न तो उनके बोलने में पहले जैसी तल्खी होगी और न ही एफएटीएफ जैसे संगठन उन्हें संसद या मुंबई हमलों को एक बार फिर से दोहराने की इजाजत देंगे।

मेरा मानना है कि अब गेंद भारत के पाले में है। हम हर तरह से बड़े हैं, सैन्य संतुलन और अर्थव्यवस्था हमारे पक्ष में है। अब बड़प्पन दिखाने की हमारी बारी है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाने पर पाकिस्तान का विरोध औपचारिकता बनकर रह गया है। हमारे थोड़े से प्रयास से बर्फ पिघल सकती है। शुरुआत व्यापारिक संबंधों से हो सकती है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भी भारत से पाकिस्तान के रास्ते व्यापार करना चाहती है। यह तीनों के हित में है। पाकिस्तान को कपास व गेहूं की जरूरत है, जो भारत से उसको हमेशा सस्ता पड़ेगा। इसी तरह, स्वास्थ्य पर्यटन का क्षेत्र रहा है, जिसके तहत पाकिस्तानी मरीज बड़े पैमाने पर भारतीय अस्पतालों में आते रहे हैं। वीसा की मुश्किलों के कारण पिछले वर्षों में उनका भारत आना मुश्किल होता गया है। वीसा में रुकावटों के चलते ही दोनों तरफ के लेखकों, कलाकारों, पत्रकारों या अन्य संस्कृतिकर्मियों का मिलना-जुलना कम हुआ है। संबंधों के इस ठंडेपन की एक कारुणिक परिणति हाल में दिखी, जब अपने जीवन के बेशकीमती साल पाकिस्तानी जेलों में काटकर नफरत की भेंट चढ़ने वाले सरबजीत की बहन दलबीर कौर उसे न्याय दिलाने की इच्छा मन में लिए दुनिया से चली गईं।

बिना इस बहस में पड़े कि इस स्थिति को लाने में किसका दोष बड़ा है, भारत को पहल लेनी चाहिए। डेढ़ साल बाद पाकिस्तान में नए चुनाव होंगे और कोई नहीं कह सकता, इसके बाद कैसी सरकार आएगी? इसी तरह, इस साल के खत्म होने के पहले वहां नया सेनाध्यक्ष आ जाएगा। यह भी किसी को नहीं पता कि भारत को लेकर उसकी नीतियां कैसी होंगी? यही समय है, जब भारत साहसिक राजनय का परिचय देते हुए पाकिस्तान से संबंध सुधारने की कोशिश कर सकता है। एक बार सुधार की रेल चल निकली, तो वैश्विक परिस्थितियां उसे आसानी से बेपटरी नहीं होने देंगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भारत में आखिर कब तक होते रहेंगे बैंक घोटाले

ब्रजेश कुमार तिवारी, ऐसोसिएट प्रोफेसर, जेएनयू

सीबीआई ने देश के अब तक के सबसे बड़े बैंकिंग फ्रॉड के मामले में डीएचएफएल के प्रवर्तकों और उसके सहयोगियों पर विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है, डीएचएफएल एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है और अब डूबने के कगार पर है। इस बैंकिंग घोटाले में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के कंसोर्टियम को लगभग 35 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने की बात कही गई है। यह घटनाक्रम साल 2010 से साल 2019 के बीच का है। ऑडिट फर्म केपीएमजी ने अपनी पड़ताल में इस घोटाले को पकड़ा है। बैंकों को देश की अर्थव्यवस्था का रीढ़ माना जाता है, पिछले एक दशक से भारतीय बैंक कठिन दौर से गुजर रहे हैं। लेकिन ये घोटाले बैंकों पर भारी दबाव डाल रहे हैं और इन सबके चलते बैंकिंग क्षेत्र में ऑपरेशनल रिस्क का खतरा बढ़ता जा रहा।

राजनीतिक दल इस बात में व्यस्त हैं कि यह ऋण कब-कब समय दिया गया था और यह घोटाला किस समय पकड़ा गया है। पक्ष-विपक्ष के आरोपों (ये घोटाले हुए कब?) से इतर एक बुनियादी सवाल मन में यह उठता है कि बैंक घोटालों का यह पैसा किसका था? बैंकों के पास अपना पैसा तो होता नहीं, यह पैसा हमारा-आपका है, बैंक उसी से व्यापार करते हैं।



हर कुछ दिन बाद हमें बैंक घोटाले का पता चलता है, हर्षद मेहता घोटाला, केतन पारेख घोटाला से लेकर पीएनबी घोटाले में नीरव मोदी और मेहुल चौकसी का घोटाला, शराब कारोबारी विजय माल्या का 13 बैंकों के साथ घोटाला इसके अलावा इलाहाबाद बैंक घोटाला, रोटोमेक पेन घोटाला, पीएमसी बैंक घोटाला, आरपी इन्फोसिस्टम बैंक घोटाला, सिंभावली शुगर्स लोन घोटाला, आईसीआईसीआई बैंक घोटाले, कनिष्क गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड लोन घोटाला और यस बैंक घोटाले प्रमुख हैं। लगातार उजागर होते बैंक घोटालों की यह फेहरिस्त बयान कर रही है कि देश की बैंकिंग व्यवस्था में नीतिगत और क्रियान्वयन के स्तर पर बड़ी खामियां हैं। इनमें से ज्यादातर ने कर्ज जान-बूझकर नहीं चुकाया है, यानी कि वे विलफुल डीफॉल्टर हैं। यही नहीं, विदेश जाने वाले उद्योगपतियों की सूची बढ़ती जा रही है, जिससे बैंकों की व्यवस्था से लोगों का भरोसा लगातार टूट रहा है।

आखिर क्या कारण है कि सरकार, आरबीआई, वित्त मंत्रालय, सीबीआई, सीवीसी व बैंकिंग संस्थाएं घोटाला होने के बाद ही जागते हैं? साल 2008 के सब-प्राइम लोन वैश्विक संकट के बाद अंतरराष्ट्रीय बैंकों ने पर्यवेक्षण व कॉरपोरेट प्रशासन को और मजबूत किया है। दुर्भाग्य से इस कार्य में भारतीय बैंक पीछे रह गए हैं। जब तक प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित नहीं किया जाता, तब तक ऐसे घोटाले नियमित अंतराल पर होते रहेंगे। आम जनता की जब ईएमआई बाउंस होती है, तो अगले ही दिन से बैंक के फोन आने शुरू हो जाते हैं। दो-चार दिन में ईएमआई नहीं भर पाए, तो दोस्त, यार, रिश्तेदार तक को पता चल जाता है। किसान जब ऋण नहीं चुका पाते हैं, तो बैंक उसकी जमीन नीलाम करके अपने पूरे पैसे वसूल कर लेते हैं। मगर उद्योगपतियों की बात आती है, तो वही बैंक पंगु हो जाते हैं।

भारत में बैंकिंग को एक लिपिकीय कार्य माना जाता है, जबकि बैंकिंग को एक कौशल विशिष्ट क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत करने की जरूरत है, विशेष रूप से इसका उधार देने वाला खंड। सभी जवाबदेह व्यक्तियों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें उचित रूप से दंडित किया जाना चाहिए, बैड बैंक बनाए गए हैं, इसी तर्ज पर सरकार को कॉरपोरेट बैंक स्थापित करने चाहिए। इन बैंकों में क्रेडिट, मॉनिटरिंग और ऑडिट के विशेषज्ञों की भर्ती की जानी चाहिए। बड़े लेनदारों के पासपोर्ट विदेश मंत्रालय में जमा होने चाहिए और उनका सामाजिक बहिष्कार भी होना चाहिए। आज बैंकों व जांच एजेंसियों की नीति, नीयत पर सवाल गहरा गए हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल कर्ज का 35 प्रतिशत जोखिम में है और बैंक केवल आठ प्रतिशत नुकसान को झेल सकते हैं। बैड बैंक का गठन और निजीकरण ही समाधान नहीं है। बैंकों और भारतीय रिजर्व बैंक को पूरी ईमानदारी से समाधान की पहल करनी चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

**श्रीमती अंजली जैन की कलम से...**



कभी अध्ययन का
सवेरा मन में,
कभी सत्संग से
आत्म विभोर,
कभी दर्शन कर
अनंत सुख।

-अंजली जैन
7024460938

# रोजगार है असली समस्या


अजीत द्विवेदी

सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना के खिलाफ एकदम से जो उबाल आया है वह देखने में भले तात्कालिक प्रतिक्रिया लगे लेकिन असल में युवाओं के रोष और हिंसक प्रदर्शन की जड़ें ज्यादा गहरी हैं। यह रोजगार को लेकर उनकी भविष्य की चिंता से जुड़ी है। पिछले दो साल से सेना में बहाली नहीं हो रही है तब भी नौजवान इस उम्मीद के साथ प्रतीक्षा और तैयारी कर रहे थे कि कभी न कभी तो बहाली शुरू होगी। तभी जब नियमित बहाली की जगह चार साल तक ठेके पर नौकरी देने की योजना घोषित हुई तो युवाओं ने बेहद गुस्से में इसके खिलाफ प्रतिक्रिया दी। वे सड़कों पर उतरें, रेलवे स्टेशनों पर तोड़-फोड़ की, गाड़ियां जलाईं, सड़कें जाम की और सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के हरसंभव तरीके का इस्तेमाल किया। फिर अचानक तीन-चार दिन के हिंसक प्रदर्शन के बाद शांति बहाल हो गई। मान सकते हैं कि प्रदर्शन करने वाले युवाओं का एक बड़ा तबका वहीं चार साल की नौकरी हासिल करने की तैयारियों में लग गया होगा। क्योंकि उसके सामने नौकरी ओर रोजगार के विकल्प नहीं हैं।

वह सरकार की ओर से दिए गए तर्कों से संतुष्ट नहीं है। लेकिन वह मजबूर है। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से जिस तरह की धमकी भरी भाषा में बात की गई उससे वह डरा भी। उसे अपना करियर खराब होने की चिंता हुई। वह मजबूरी में शांत हुआ है। हताशा और नाउम्मीदी में उसने समझौता किया है। पिछले कुछ दिनों में ऐसे कई मौके आए, जब नाउम्मीद युवाओं ने इस तरह के हिंसक प्रदर्शन किए। इसी साल जनवरी में रेलवे में ग्रुप डी की भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर बिहार में युवाओं ने बड़ा प्रदर्शन किया था और तब भी कई शहरों में रेलवे स्टेशनों पर तोड़-फोड़ हुई थी, ट्रेनें जलाई गई थीं। रेलवे परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों में भी प्रदर्शन हुए थे। भर्ती बंद होना और नियमित रोजगार के अवसर लगातार कम होते जाना एकमात्र समस्या नहीं है, जिससे छात्र और युवा परेशान हैं। प्रश्न पत्र लीक हो जाना और नतीजों में धांधली की समस्याएं भी आम छात्रों को बहुत परेशान कर रही हैं।


वे इस मनोवैज्ञानिक दबाव में हैं कि देश में नियमित नौकरियां बहुत कम हो गई हैं। सरकारी विभागों में भर्ती या तो बंद है या बहुत कम हो रही है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां बिक रही हैं, जिससे रोजगार के अवसर घट रहे हैं। देश में बेरोजगारी की भयावह तस्वीर बताने वाले कई आंकड़े सबके सामने हैं। बेरोजगारी की दर सात फीसदी से ऊपर है। भारत के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की बजाय कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ रहा है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239


























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### छत्तीसगढ़ को लघु वनोपज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक और उपलब्धि

# संधारणीय विकास, गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

**सिंगापुर में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह होंगे पुरस्कृत**

**संधारणीय विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के उत्कृष्ट काम के लिए मिलेगा छत्तीसगढ़ को ग्रिट अवार्ड**

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिख रहा छत्तीसगढ़ मॉडल का प्रभाव**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस तरह अब विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित होने लगा है। यह गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ तथा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ तथा जगदलपुर जिले के वनधन विकास केन्द्र बकावण्ड और कोरबा जिले के डोंगानाला के दो स्व-सहायता समूह को प्रतिष्ठित ग्रिड पुरस्कार के लिए ई.एस.जी. वर्ल्ड समिट में नामित एवं चयनित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए राज्य लघु वनोपज संघ सहित सभी वनधन केन्द्र के समूहों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ को यह पुरस्कार संधारणीय विकास,गरीबी उन्मलन तथा महिला सशक्तिकरण की श्रेणियों में प्राप्त हुए हैं। विजेताओं का चयन लगभग तीन माह चले तीन चरणों में कठोर परीक्षण मापदंडों पर प्रस्तावों के विश्लेषण के आधार पर किया गया। सिंगापुर के कार्प स्टेज तथा ई.एस.जी रिसर्च फाउंडेशन का उद्देश्य ईएसजी मापदंड विकास के लक्ष्यों तथा प्रभावों को विस्तारित करना तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा निर्धारित संधारणीय विकास लक्ष्यों की स्थापना है। इन पुरस्कारों के लिए 'संधारणीय विकास लक्ष्यों' की श्रेणियों के अनुसार, पूरे विश्व के व्यवसायियों से नामांकन प्राप्त किए गए थे। ई.एस.जी ग्रिट पुरस्कार समारोह सिंगापुर में आगामी 22 और 23 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इसमें भाग लेने विजेता स्व-सहायता समूहों की 2-2 महिला सदस्य पुरस्कार लेने सिंगापुर भेजा जाएगा। यह आदिवासी महिलाएं पहली बार विदेश यात्रा करेंगी। चयनित महिलाओं में डोंगानाला से सुश्री सरोज पटेल तथा फूल बाई नेती और बकावण्ड से सुश्री पद्मिनी बघेल तथा बेला बाई कश्यप शामिल है। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जगदलपुर वन मंडल अधिकारी सुश्री स्टाइलो मंडावी करेंगी। जिसमें 150 देशों के प्रतिनिधि, पूरे विश्व के 200 से अधिक संस्थानों के एक्सीक्यूटिव, बड़े संस्थानों के प्रतिनिधि उद्यमी बैंक से निवेशक, समाजसेवी, सामाजिक संगठन, पर्यावरणविद् शासकीय तथा अन्य प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। सुश्री रेबेका फातिमास्ता मारिया, कार्यकारी संचालक एशिया पैसेफिक इकॉनामिक कार्पोरेशन काउन्सिल समारोह की मुख्य अतिथि होगी। अन्य विशिष्ट प्रतिनिधि उरेना जुबेचेविका, संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास विभाग, डॉ. अलिये सेलिक, ए.एस. हैबिटेट एण्ड यू.सी.एल.जी. है।

# श्रीमती शम्मी आबिदी ने की प्रदेश में संचालित 19 क्रीड़ा परिसरों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आदिम जाति विभाग की आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी ने आदिम जाति विभाग द्वारा संचालित सभी क्रीड़ा परिसरों में व्यवस्था सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने क्रीड़ा परिसरों में रिक्त सीटों को शीघ्र भरने के लिए अपने क्षेत्र में पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। श्रीमती आबिदी आज इंद्रावती भवन में विभागीय क्रीड़ा परिसरों के उचित कियान्वयन के संबंध में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। समीक्षा बैठक में संबंधित जिलों के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, क्रीड़ा परिसरों के व्यायाम शिक्षक और कोच उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विभाग के अंतर्गत 16 जिलों में कुल 19 क्रीड़ा परिसर संचालित किए जा रहे हैं। इन कीड़ा परिसरों में 100 सीट मान से कुल 1900 सीट स्वीकृत हैं। प्रत्येक क्रीड़ा परिसर में प्रत्येक विद्यार्थी को वर्ष में एक बार 3 हजार रूपए की संपूर्ण खेल पोषाक दी जाती है। इसमें एक जोड़ी ट्रैक सूट, एक जोड़ी स्पोटर्स या वार्मअप शूज, दो जोड़ी मोजा एवं दो जोड़ी खेल पोषाक शामिल है।

समीक्षा बैठक में विभागीय क्रीड़ा परिसरों में स्वीकृत एवं रिक्त सीटों पर चर्चा की गई। इसके अलावा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की क्रीड़ा प्रतियोगिताओं एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में खेल विधावार प्राप्त पदक पर चर्चा की गई। विदित हो लगभग सभी विभागीय क्रीड़ा परिसरों के बच्चों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। यदि इन्हें बढ़िया ट्रेनर के सानिध्य में प्रशिक्षण दिया जाए, तो इनका प्रदर्शन और निखर सकता है।

बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा क्रीड़ा परिसरों में अच्छी जिम की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया। जिन क्रीड़ा परिसरों की बाउंड्रीवाल नहीं है उनमें सुरक्षा की दृष्टि से शीघ्र चार दीवारी बनवाए जाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा कक्षा 12वीं के बाद लगभग 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर प्रदेश के चार जिलों जगदलपुर, अंबिकापुर, रायपुर एवं दुर्ग में क्रीड़ा परिसर के बच्चों को कॉलेज शिक्षा तक रहने की सुविधा दिए जाने का सुझाव दिया गया। जिससे एक ओर जहां उनके अनुभव का लाभ जूनियर बच्चों को मिलेगा तो वहीं दूसरी ओर कॉलेज स्तर पर खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने पर संबंधित क्रीड़ा परिसर का भी नाम होगा। साथ ही कक्षा 12वीं के बाद बच्चों को क्या-क्या अवसर मिल सकते हैं, इस संबंध में उनकी कॅरियर काउंसलिंग कराने का भी सुझाव भी दिया गया।

## खास खबर

### सभी नोडल अधिकारी गौठानों का प्रति सप्ताह निरीक्षण करें - कलेक्टर

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि गौठानों के सभी नोडल अधिकारी प्रति सप्ताह अनिवार्य रूप से संबंधित गौठानों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। महोबे आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को गौठान निरीक्षण के दौरान गौठान में संचालित आजीविकामूलक गतिविधियों का अवलोकन करने तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। महोबे ने कहा कि नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी योजना शासन की विशेष प्राथमिकता वाली योजना है, इसलिए जिले में इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन होना आवश्यक है। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका वास्तव सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के अलावा विभाग प्रमुखगण उपस्थित थे। महोबे ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गोठानों में नियमित रूप से गोबर की खरीदी हो रही है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को आगामी समय-सीमा की बैठक में गौठानों की व्यवस्था बेहतर बनाने के संबंध में किए गए कार्यों की प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने आवर्ति चारागाह के कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने क्षतिग्रस्त शाला भवनों एवं आश्रम छात्रावास भवनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए ऐसे भवनों को तत्काल डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके। सहकारी समितियों में खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को इसकी सतत् मानीटरिंग करने के निर्देश दिए। अनिवार्य रूप से तड़ित चालक लगाने के निर्देश भी सभी विभाग प्रमुखों को दिए हैं।

# जशपुर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने मुख्यमंत्री ने किया सरना एथनिक रिसोर्ट में टेलिस्कोप का लोकार्पण

**देशदेखा पर्यटन समिति को टेलिस्कोप सहित 10 कैम्पिंग टेंट व उपकरण भी दिए**

**पर्यटन स्थलों की जानकारी के लिए तैयार की गई 'जोहार जशपुर' वेबसाइट की लांच**

श्रीकंचपथ न्यूज



**रायपुर।** पर्यटन स्थलों की जानकारी के लिए तैयार की गई 'जोहार जशपुर' वेबसाइट की लांचमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा आज जशपुर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरना एथनिक रिसोर्ट में टेलिस्कोप का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। यहां चारों ओर प्रकृति का मनोरम सौंदर्य देखने को मिलता है। प्रदेश में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सतत कार्य किया जा रहे हैं। पर्यटन स्थलों के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा एवं उनकी आय में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री ने उक्त टेलीस्कोप को देशदेखा पर्यटन महिला स्व-सहायता समूह को प्रदान किया। साथ ही देशदेखा पर्यटन समिति को 10 कैम्पिंग टेंट व उपकरण भी प्रदान किया। पर्यटन स्थल देश देखा में कैम्पिंग की व्यवस्था हो जाने से पर्यटकों द्वारा वहां रात्रि विश्राम का आनंद लिया जा सकेगा। साथ ही मुख्यमंत्री के समक्ष स्टार्टअप जशपुर ट्रिप्पी हिल्स एवं देशदेखा पर्यटन समिति के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

रिसोर्ट स्थल में जशपुर पर्यटन सर्किट प्रारम्भ किया गया। जिससे प्रत्येक पर्यटन स्थल की जानकारी मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी ऑनलाईन सोशल मीडिया प्लेटफार्म में उपलब्ध कराने के लिए तैयार की गई जोहार जशपुर वेबसाइट लांच किया। वेबसाइट के माध्यम से जशपुर के सभी पर्यटन स्थलों के लोकेशन, पहुँच मार्ग एवं अन्य आवश्यक सारी जानकारी ऑनलाईन लोगों को मिल सकेगी।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में आज हर्सोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। रायपुर जिला पंचायत सदस्य श्री माखन लाल कुर्रे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को पुस्तक-कापी वितरित किए गए। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में आरंग जनपद पंचायत के सदस्य देवराज जांगड़े विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

ग्राम पंचायत गुजरा के सरपंच श्री नरेश बघेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री माखन लाल कुर्रे ने कहा कि बच्चे खूब मन लगाकर पढ़े। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में हिस्सा ले। उन्होंने कहा राज्य सरकार अमीर-गरीब सभी के बच्चों को समान शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए। अब गरीब के बच्चे भी अंग्रेजी में पढ़ाई कर रहें है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की शिक्षा नीति से प्रदेश के लोगों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा है। ग्रामीण, शहरी, गरीब, किसान, सभी के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की दिशा में काम कर रही है। कार्यक्रम को अन्य जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भानूप्रताप डहरिया ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच दीपक साहू, गुजरा के उपसरपंच सुशील शर्मा, शाला विकास समिति (हायर सेकेण्डरी) के अध्यक्ष विनय पाण्डेय, शाला विकास समिति (मिडिल स्कूल) की अध्यक्षा श्रीमती सीमा बघेल, टर्मिनल इंचार्ज भास्कर प्रसाद, एच.आर. रविशंकर, विशेष रूप से उपस्थि थे।

# मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान योजना से बच्चे हो रहे सुपोषित

**बचपन स्वस्थ तो आने वाला कल सुखद**

**स्वास्थ्य, शिक्षा और बचपन की सीख गढ़ेगा भविष्य का छत्तीसगढ़**

श्रीकंचपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** बच्चे किसी भी देश, समाज की नींव है। बचपना अगर स्वस्थ होगा तब आने वाला समय सुखद-समृद्ध होगा, स्वस्थ समाज की रचना होगी। इस बात को समझते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बच्चों को बचपन से ही स्वस्थ, सुपोषित बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों का भविष्य गढने और संवारने का कार्य किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कुपोषित, गंभीर कुपोषित एवं शारीरिक कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर स्वस्थ और सुपोषित बनाने की पहल की गई है। ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से सुपोषण आहार और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वास्थ्य जांच कर जरूरी दवाईयां व उपचार की व्यवस्था की जा रही है। बच्चों एवं उनके अभिभावक को स्वस्थ रहने की समझाईश दी जा रही है। आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण किया जा रहा है। बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र में आते ही साफ-सफाई और स्वस्थ रहने के गुण सिखाया जा रहा है। बच्चों को हाथ धुलाई के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। बच्चों के सुपोषण के लिए पालकों से सतत भेंट कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। बच्चों को डायरिया जैसी खतरनाक बीमारी की रोक-थाम के लिए ओआरएस घोल प्रदाय करने के साथ ही स्वस्थ जल एवं गर्म भोजन खाने, भोजन करने के पूर्व हाथ धुलाई करने जैसे महत्वपूर्ण बातों की सीख दी जा रही है।

# मोर महापौर मोर द्वार अभियान का शुभारंभ किया

श्रीकंचपथ न्यूज



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर नगर निगम की ''मोर महापौर मोर द्वार अभियान'' का शुभारंभ किया। उन्होंने शुभारंभ अवसर पर नगर निगम के महापौर, पार्षद और अधिकारियों की टीम को हरी झण्डी दिखाकर बस से रवाना किया गया। यह टीम नगर निगम रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनेगी। इस अभियान के तहत आम नागरिक भी महापौर से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं और उन्हें अपनी समस्याओं और सुझावों से अवगत करा सकते हैं।

नगर प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने 'मोर महापौर मोर द्वार अभियान' को नागरिकों के हित में बताते हुए इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अभियान से रायपुर नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को फायदा मिलेगा। लोगों तक बेहतर नागरिक सुविधाएं पहुंचेंगी।

डॉ. डहरिया ने कहा कि महापौर श्री एजाज ढेबर ने यह अच्छी शुरूआत की है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, श्री कुलदीप जुनेजा, नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस योजना के तहत नगर निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर और पार्षदगण और नगर निगम के अधिकारियों की टीम रायपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न भागों में पहुंचकर आम जनता की नगर निगम के अंतर्गत आने वाली विभिन्न समस्याओं को मौके पर जाकर जानेगें। इस कार्य क्रम के तहत महापौर दूरभाष के माध्यम से जन समस्या एवं सुझाव प्राप्त करेंगे। इसके लिए कोई भी नागरिक दिनांक 27 जुलाई से 01 अगस्त 2022 तक निर्धारित वार्ड के संबंध में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक दूरभाष क्र. - 9111666201 या 9301953201 पर महापौर से सीधे चर्चा कर सकेंगे। प्राप्त सुझाव या समस्या के संबंध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित निर्देश दिए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत पानी, बिजली, साफ-सफाई, सड़क, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आश्रय निर्माण एवं संधारण कार्य, नल कनेक्शन, भवन अनुज्ञा, अवैध निर्माण संबंधी, मतदाता सूची आदि सेवाओं के संबंध में त्वरित कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा अन्य शासकीय विभागों जैसे स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम, समाज कल्याण, चिकित्सा, राजस्व आदि से जुड़ी नागरिक सेवाओं की आम नागरिकों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

# 136 स्कूलों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 10 करोड़ 98 लाख रूपए की स्वीकृति

श्रीकंचपथ न्यूज

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के स्कूलों में जरूरी सुविधाएँ मुहैया कराने हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से 136 स्कूलों में लगभग 10 करोड़ 98 लाख रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के प्राथमिक शाला मालगांव में जीर्णोद्धार कार्य, प्राथमिक शाला मुल्ले में जीर्णोद्धार कार्य, गुरूर विकासखण्ड के अंतर्गत शा.उ.मा.शा.भवन बागतराई में जीर्णोद्धार कार्य, प्राथमिक शाला कोलिहामार एवं सामुदायिक शौचालय में सामने में इंटर लॉकिंग प्योर ब्लाक निर्माण कार्य, शासकीय प्राथमिक शाला मुंजालगोंदी में भवन जीर्णोद्धार कार्य, खुंदनी में शासकीय प्राथमिक शाला भवन जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोहारा में सायकल स्टैण्ड निर्माण कार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कंवर में भवन जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय प्राथमिक शाला कपरमेटा में भवन जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय प्राथमिक शाला कुलिया में भवन जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय प्राथमिक शाला कन्हारपुरी के भवन जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हितेकसा में भवन जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ के भवन जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेंवरो में भवन जीर्णोद्धार कार्य, शासकीय प्राथमिक शाला नवागॉव में अहाता निर्माण कार्य और शासकीय प्राथमिक शाला ओनाकोना में भवन जीर्णोद्धार कार्य शामिल है।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर



### छत्तीसगढ़ में अब तक 113.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 113.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 27 जून तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलें में सर्वाधिक 205.6 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 60.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 71.1 मिमी, सूरजपुर में 94.8 मिमी, जशपुर में 61.0 मिमी, कोरिया में 107.4 मिमी, रायपुर में 69.4 मिमी, बलौदाबाजार में 121.1 मिमी, गरियाबंद में 137.8 मिमी, महासमुंद में 93.7 मिमी, धमतरी में 102.2 मिमी, बिलासपुर में 114.9 मिमी, मुंगेली में 173.3 मिमी, रायगढ़ में 127.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 170.2 मिमी, कोरबा में 148.7 मिमी, दुर्ग में 75.8 मिमी, कबीरधाम में 116.1 मिमी, राजनांदगांव में 113.0 मिमी, बालोद में 155.7 मिमी, बेमेतरा में 99.3 मिमी, बस्तर में 121.9 मिमी, कोण्डागांव में 90.4 मिमी, कांकेर में 88.4 मिमी, नारायणपुर में 99.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 103.5 मिमी, सुकमा में 109.0 मिमी और बीजापुर में 147.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण हेतु जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन के निर्देश

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण हेतु हवाई अड्डों एवं अन्तर्राज्यीय बार्डर चेक पोस्ट पर अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों के कोविड सैम्पल चेकिंग करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार राज्य के सभी हवाई अड्डो पर आने वाले यात्रियों के लिए कोविड सैम्पल चेकिंग किया जाए। इसी तरह अन्य राज्यों से अन्तर्राज्यीय बार्डर चेक पोस्ट के माध्यम से आने वाले यात्रियों के लिए परिवहन विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य जांच टीम तैनात कर कोविड सैम्पल चेकिंग की जाए। राज्य के समस्त संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को इस आशय का पत्र भेजकर अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### एनआईटी में शोध सम्मेलन आज से 250 शोध निष्कर्षों का होगा प्रदर्शन

**रायपुर (ए)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में पीएचडी शोधर्थियों के लिए 28 से 30 जून तक तीन दिवसीय शोध सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें 18 विषयों पर 250 से ज्यादा शोध निष्कर्षों का प्रदर्शन किया जाएगा। इंजीनियरिंग, शुद्ध और अनुप्रयुक्त विज्ञान के बीच बहु-विषयक अनुसंधान पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में पांच सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रों को चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से शोधर्थियों को शोध निष्कर्ष को प्रस्तुत करने, प्रोत्साहित करने, विभिन्ना क्षेत्रों में त्वरित अनुसंधान और नवाचार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रस्तुत करने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा। शोध समस्या की पहचान करने, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, मानविकी के क्षेत्रों की वर्तमान प्रवृत्तियों, भविष्य की प्रगति से संबंधित विविध विचारों को साझा किया जाएगा।

# भेंट-मुलाकात अभियान

# जनहितैषी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक प्राथमिकता से पहुंचाना सुनिश्चित करेंः मुख्यमंत्री




### प्रदेश के लोगों की आय में बढ़ोत्तरी कर जीवन स्तर को बेहतर बनाना हमारा प्रमुख उद्देश्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट मुलाकात अभियान के दौरान जशपुर विधानसभा क्षेत्र के बालाछापर स्थित सरना एथनिक रिसोर्ट में जिले के अधिकारियों के कार्यों एवँ क्षेत्र में शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र के विकास एवं लोगों के हित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश के लोगों की आय में बढ़ोत्तरी कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना हमारा प्रमुख उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री ने जिले में मौसम को सभी प्रकार के कृषि एवं उद्यानिकी फसलों के लिए अनुकूल बताते हुए बागवानी फसलों के उत्पादन के लिए विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करने की भी बात कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जनहितैषी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक प्राथमिकता से पहुंचाया जाना चाहिए। इसके साथ उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें गौठानों में विभिन्न आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने की भी बात कही।

मुख्यमंत्री ने जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने के लिए अधिकारियों को एनिमिया मुक्त जशपुर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्राथमिकता के साथ गर्म भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में भू जल स्तर में वृद्धि, पेयजल, निस्तारी और सिंचाई जैसी समस्याओं के निराकरण के लिए नरवा कार्यक्रम के प्रभावी संचालन पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों, सीमांकन, नामांतरण, भूमि विवाद सहित अन्य लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर निराकृत करने के निर्देश दिए और जिले में अनुसूचित जनजाति की उपजातियों को भी जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अनुसंधान टीम द्वारा सर्वे कराकर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने जशपुर में किया फूड प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग लैब का लोकार्पण

## कृषक उत्पादक संगठन से जुड़कर तकनीकी और व्यावसायिक हुनर को संवार रहीं

### आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहीं स्वसहायता समूहों की महिलाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले के रंजीता स्टेडियम परिसर में स्थित फूड प्रोसेसिंग एंड पैकेजिंग लैब में खाद्य उत्पाद प्रसंस्करण प्रयोगशाला एवं पैकेजिंग केंद्र भवन का लोकार्पण किया। यह भवन डीएमएफ फंड द्वारा लगभग 22 लाख 72 हजार रुपए की लागत से तैयार किया गया है। यहां स्थापित विभिन्न मशीनों की लागत लगभग 34 लाख रुपए है।

अधिकारियों ने बताया कि यह प्रदेश का पहला उच्च स्तरीय लैब है, जिसमें विभिन्न उत्पादों के रॉ-मटेरियल को प्रसंस्कृत कर विक्रय के लिए सी मार्ट में भेजा जाता है, जिससे समूह की महिलाओं को अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। उत्पादों को प्रसंस्कृत करने के लिए बॉन्ड सिलर, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैप सिलर, ऑटोमैटिक ग्रेनुअल फीलिंग मशीन, टी बैग फीलिंग मशीन, वैक्यूम पैकेजिंग, च्यवनप्राश एवं हनी पैकेजिंग, सैनिटाइजर फीलिंग मशीन, बी ओ डी इंक्यूबेटर, लेमिनर एयर फ्लो, फ्यूम हुड, मॉइश्चर एनालाइजर जैसी अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जाएगा। समूह की महिलाओं ने बताया कि लैब में अलग-अलग उत्पादों का उत्कृष्ट प्रसंस्करण कर आकर्षक और अत्याधुनिक पैकेजिंग की जाती है। मां खुड़िया रानी कृषक उत्पादक संगठन के तहत 104 समूह हैं, जिनमें 1080 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इन महिलाओं के द्वारा रागी-कुकीज, पांच अलग फ्लेवर में काजू, सात किस्म की जशपुर चाय के अलावा जवां फूल, जीरा फूल जैसे ऑर्गेनिक चावल का भी प्रसंस्करण किया जा रहा है। पार्वती महिला समूह की अध्यक्ष कमला विश्वकर्मा ने बताया कि उनके समूह में 11 सदस्य हैं जो लघु वनोपज सहित धान, गेहूं, सरसों, काजू, रागी, कुटकी के अलावा कटहल, हल्दी, चायपत्ती जैसे विभिन्न उत्पादों को स्थानीय संग्राहकों से खरीदकर समूह की महिलाओं द्वारा प्रसंस्कृत किया जाता है, जिसे सी मार्ट में विक्रय किया जा रहा है। इससे समूह को आय हो रही है। यह भी बताया गया कि उन्नत एवं आधुनिक मशीनों के स्थापित किए जाने से अधिक से अधिक महिलाओं को स्वावलंबन का अवसर उपलब्ध होगा। जागरूकता और शासन की मदद से ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभाएं सामने आ रही है। इसका श्रेष्ठ और ज्वलंत उदाहरण मां खुड़ियारानी कृषक उत्पादक संगठन के तहत गठित समूहों की महिलाएं हैं, जिन्होंने फूड प्रोसेसिंग की बारीकियों को सीख कर और उन्नत तकनीकों से रूबरू होकर आर्थिक सशक्तिकरण के मार्ग पर आगे बढ़ रही है।

## मुख्यमंत्री ने दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और तीन पानी टंकियों का किया लोकार्पण

### 12 नाले के पानी को किया जाएगा उपचारित

### भनपुरी, जोरा और बोरियाखुर्द पानी टंकियों से 2 लाख की आबादी को मिलेगा शुद्ध पेयजल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले में निमोरा और कारा सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा भनपुरी, बोरियाखुर्द और जोरा पानी टंकी का लोकार्पण किया। इससे भनपुरी, जोरा और बोरियाखुर्द पानी टंकियों से 2 लाख की आबादी को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति में सुविधा होगी। उन्होंने इन कार्यों के जरिए नगरवासियों को 156.27 करोड़ रूपए से अधिक राशि की सौगात दी। ज्ञात हो कि कारा में 35 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की लागत 33 करोड़ 25 लाख रुपये है। इससे तेंदुआ नाले के पानी को उपचारित किया जायेगा। वहीं 81 करोड़ 87 लाख में एनजीटी के मानकों पर निमोरा में बने छत्तीसगढ़ की सबसे बड़े वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 90 एमएलडी के एसटीपी से 11 नालों जिसमें छोकरा नाला, अछोरी नाला, उरकुरा नाला, दलदल सिवनी नाला, सड्डू नाला, तेलीबांधा नाला, आमासिवनी नाला, लाभांडी नाला, जोरा नाला, फुण्डहर नाला और अमलीडीह नाले के गंदे पानी का उपचार किया जाएगा। एसटीपी शुरू होने से 12 बड़े नालों से खारुन में जा रहे गंदे पानी का उपचारित कर उपयोग किया जाएगा।

इसी तरह भनपुरी, बोरियाखुर्द और जोरा पानी टंकी के लोकार्पण से 2 लाख की आबादी तक नदी का फिल्टर्ड पानी पहुंचेगा। भनपुरी में 32 सौ किलोलीटर क्षमता वाली पानी टंकी के शुरू होते ही यहां सालभर टैंकर से पानी के लिए लगने वाली लंबी लाइन से नागरिकों को राहत मिलेगी। इसके अलावा जोरा में 10 लाख लीटर और बोरियाखुर्द में 25 लाख लीटर क्षमता की टंकी का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, सांसद सुनील सोनी, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, धरसींवा विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, रायपुर महापौर एजाज ढेबर, बिरगांव महापौर नन्दलाल देवांगन, रायपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष पंकज शर्मा, नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे, तिल्दा जनपद अध्यक्ष सुमन देवव्रत नायक, धरसीवां जनपद अध्यक्ष उत्तरा भारती, ग्राम पंचायत निमोरा सरपंच लक्ष्मण पटेल व एमआईसी सदस्य आदि उपस्थित थे।

## रायपुर में सामान्य से 62 प्रतिशत कम गिरा पानी, आज भारी वर्षा के आसार

**रायपुर (ए)।** प्रदेश में मानसून को प्रवेश हुए दस दिन बीत चुके हैं और अभी भी काफी कम वर्षा हुई है। रायपुर जिले में एक से 27 जून तक 56.4 मिमी वर्षा हुई है। जबकि सामान्य रूप से इन दिनों में 146.7 मिमी वर्षा होनी चाहिए। इस प्रकार रायपुर जिले में 62 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। प्रदेश में अब तक सर्वाधिक वर्षा मुंगेली में 184.5 मिमी हुई है।

बलरामपुर, सरगुजा और जशपुर में भी काफी कम वर्षा हुई है। सरगुजा में 72.4 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 63 प्रतिशत कम है। इसी प्रकार जशपुर में 59.2 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 72 प्रतिशत कम है। बलरामपुर में 59.9मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 62 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून की सक्रियता बढ़ रही है।

राजधानी में सोमवार को सुबह से ही मौसम सामान्य रहा और तेज धूप के चलते उमस रही। पिछले कई दिनों की अपेक्षा अधिकम तापमान में भी बढ़ोतरी रही। हालांकि, देर शाम मौसम का मिजाज बदला और बादल छाने के साथ हवाएं चली और हल्की बूंदाबांदी हुई। रायपुर का अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है,जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है।

लोहांडीगुड़ा में 5 सेमी, भोपालपट्टनम में 4 सेमी, नगरी-माकड़ी-बीजापुर में 3 सेमी वर्षा हुई है। इन क्षेत्रों के साथ ही प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटरप्युरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट कैम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

दीपिका सिंह कर रही हैं फिल्म डेब्यू:बोलीं-

# टीटू अंबानी की मौसमी की तरह रियल लाइफ में ईमानदार हूं



टीवी शो दीया और बाती हम फेम दीपिका सिंह फिल्म 'टीटू अंबानी' से बड़े पर्दे पर एंट्री करने जा रही हैं। यह उनकी फीमेल लीड रोल वाली फिल्म है, जो 8 जुलाई को सिनेमाघर में रिलीज होगी। फिल्म का लेखन-निर्देशन रोहित राज गोयल ने किया है। डायलॉग अभिषेक मनोहर चंदा व प्रोड्यूस महेंद्र विजयदान देथा और दिनेश कुमार ने किया है। दीपिका फिल्म प्रमोशन के उन्होंने खास बातचीत में पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की।

### अपने किरदार मौसमी के बारे में बताइए। यह कैसी लड़की है?

मौसमी आज की लड़की है। वह अपने हस्बैंड टीटू से बहुत प्यार करती है और उतना ही अपने पैरेंट्स को चाहती है। उसके अपने कुछ प्रिंसिपल्स हैं। वह मम्मी-पापा की श्रवण कुमार बनना चाहती है। शादी के बाद भी उनकी हेल्प करना चाहती है। लेकिन क्या मम्मी-पापा हेल्प ले पाते हैं, क्योंकि हम ऐसी सोसायटी से बिलांग करते हैं, जहां लड़की के यहां का पानी पीना पाप माना जाता है। मगर मौसमी शादी के बाद भी ऐसी चीजों को नहीं मानती है। फिल्म में एक डायलॉग है- 'एक लड़के से कभी पूछा नहीं जाता कि वह शादी के बाद अपने मां-बाप का खयाल रखेगा या नहीं, पर एक लड़की से ही क्यों एक्सपेक्ट किया जाता है।' आखिर एक माता-पिता इकलौती लड़की को पाल-पोसकर बड़ा किया है, उसके एज्युकेशन पर इनवेस्ट किया है, ऐसे में वह अपने मां-बाप को नहीं देखेगी, तब कौन देखेगा? कुछ ऐसा मौसमी का किरदार है, जो हंसाते-गुदगुदाते और सांग के जरिए अपनी बात कहती है, जिससे दर्शकों को अपनी कहानी लगेगी। मुझे लगता है, ऐसे सेंसिटिव सब्जेक्ट पर बातें होनी चाहिए, जो समय की मांग है।

### निजी लाइफमें मौसमी से कितना मेल खाती हैं?

देखिए, पूरी तरह तो बिल्कुल मेल नहीं खाती, क्योंकि वह एक कैरेक्टर है, जो लिखा गया है। हां, मौसमी की तरह मैं भी ओनेस्ट हूं। मेरी भावना है कि पैरेंट्स की मदद करती रहूं। जब-जब मौका मिलता है, उनके साथ खड़ी होती हूं। आज मम्मी-पापा की मदद करने जाऊं, तब वह तकलीफें मुझे भी आती हैं। उन्हें जरूरत होगी, तब भी वे कहते हैं- नहीं-नहीं, हमें जरूरत नहीं हैं। तू अपने घर में खुश रह, तू अपना देख, अपना घर देख। शायद यह इतनी पुरानी चीज है कि अपनी बच्ची से हेल्प लेना, जल्दी इतना इजी नहीं है।

### एक लंबे समय बाद पर्दे पर आ रही हैं। कोई खास वजह? इन दिनों किन कामों में व्यस्त रहीं?

देखिए, पर्सनल लाइफ में डेफिनेटली बिजी रही, मगर इससे ज्यादा मुझे ऐसी स्क्रिप्ट नहीं मिली, जिससे लगा हो कि यह नहीं करूंगी, तब लाइफ में कुछ रह जाएगा। मोसली, सिमलर रोल ही आते थे। लेकिन हलाला, कवज आदि जहां-जहां अलग लगा, वह किया। पेंडेमिक की वजह से बहुत काम को अवॉइड किया। इस दौरान यह फिल्म भी करना चाहती थी।

### सेट पर की कोई खास बात बताएंगी?

फिल्म की शूटिंग अप्रैल-मई महीने उदयपुर में हुई है। वहां पर कई बार आंधियां आ जाती थीं। वहां की महिलाएं मुझे जानती हैं, तब शूटिंग देखने के लिए दूर-दराज गांव से महिलाएं आती थीं। फिलहाल पेंडेमिक के वक्त उनके साथ फोटो नहीं ले पाती थी। हम सब मिलकर खाना खाते थे। इतना नेचुरल-वे हंसते-हंसाते शूटिंग हो जाती थी कि हमें पता ही नहीं चलता था। हां, स्टार्टिंग के चार-पांच दिन स्ट्रेसफुल था। कारण कि अपने दिमाग में कैरेक्टर की लेयर तैयार करनी थी। लेकिन रघुवीर यादव, वीरेंद्र सक्सेना, तुषार पांडे समता जी आदि इतने मझे कलाकार हैं कि इन सबके सपोर्ट से चीजें काफी स्मूथ हो गई।

साउथ की अपकमिंग मूवीज

# प्रभास की सालार 2023 में होगी रिलीज 400 करोड़ के बजट में बनेगी पुष्पा:द रूल



2022 के शुरुआती 6 महीने में बॉलीवुड से ज्यादा साउथ की फिल्में हिट हुई हैं। केजीएफ-2 और आरआरआर जैसी फिल्मों के हिट होने के बाद अब साउथ फिल्मों का क्रेज बढ़ गया है। अब फैंस की नजरें साउथ की अगली आने वाली मूवीज पर टिकी हुई हैं।

### यशोदा

साउथ की फेमस अदाकारा सामंथा प्रभु स्टारर फिल्म यशोदा 12 अगस्त को रिलीज होने वाली है। ये फिल्म तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषा में रिलीज होगी। हरि और हरीश द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

### सालार

कन्नड़ ब्लॉकबस्टर केजीएफ के बाद अब डायरेक्टर प्रशांत नील की एक्शन फिल्म सालार फिल्मी परदे पर आने वाली है। इस फिल्म में प्रभास, श्रुति हसन, दिशा पाटनी और जगपति बाबू लीड रोल में दिखेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे 2023 में रिलीज किया जाएगा।

### लाइगर

तेलुगु सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की फिल्म लाइगर जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में विजय के अलावा अनन्या पांडे, माइक टायसन, राम्या कृष्णन, रोनित रॉय और मकरंद देशपांडे नजर आएंगे। ये फिल्म पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित है। इस फिल्म को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज किया जाएगा। ये फिल्म 25 अगस्त, 2022 को रिलीज होगी।

### आदिपुरुष

ओम राउत की फिल्म आदिपुरुष महाकाव्य रामायण की कहानी पर बेस्ड है। 500 करोड़ के बजट वाली यह फिल्म इंडियन सिनेमा की सबसे ज्यादा बजट वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। फिल्म में प्रभास राम और कृति सेनन सीता की रोल में नजर आएंगी, साथ ही सैफ अली खान लंकेश के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 12 जनवरी, 2023 को हिंदी, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ में रिलीज होगी।

### पुष्पा: द रूल

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा द राइज' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस फिल्म की बड़ी सफलता के बाद अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट यानी पुष्पा:द रुल 2023 में फिल्मी परदे पर रिलीज किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक इस फिल्म को 400 करोड़ के बजट में बनाया जाएगा।

### प्रोजेक्ट के

प्रभास की एक और फिल्म प्रोजेक्ट के इस लिस्ट में शामिल है। इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पाटनी लीड रोल में होंगे। फिल्म पैन इंडिया लेवल रिलीज होगी। तेलुगु के अलावा ये फिल्म तमिल, कन्नड़ और मलयालम के साथ-साथ हिंदी में भी रिलीज होगी।


### आरसी 15

फिल्म आरआरआर से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद राम चरण मूवी आरसी 15 में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म शूटिंग शुरू हो गई है और इसमें राम चरण आईएएस ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। कियारा आडवानी भी इस मूवी लीड रोल में नजर आएंगी। ये फिल्म तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

### विक्रांत रोणा

अनूप भंडारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'विक्रांत रोणा' 3डी फिल्म है, जो 28 जुलाई को देशभर में रिलीज होगी। इस फिल्म में किच्चा सुदीप के साथ जैकलीन फर्नांडीज भी एक लीड रोल निभा रही हैं। फिल्म कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी।

# आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री की एक और उपलब्धि, दिल्ली सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कराई स्पेशल स्क्रीनिंग




अभिनेता आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट इन दिनों खबू चर्चा में है। हाल ही में इस फिल्म के ट्रेलर को दुनिया सबसे बड़े बिलबोर्ड पर प्रदर्शित किया गया था, जिसका वीडियो भी अभिनेता ने अपने अकाउंट शेयर किया था। फिलहाल उनकी फिल्म को एक और उपलब्धि मिली है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने नई दिल्ली में आर माधवन की आगामी फिल्म रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। स्क्रीनिंग में इसके लेखक-निर्देशक और मुख्य अभिनेता माधवन के नेतृत्व में रॉकेट्री की टीम ने भाग लिया। स्क्रीनिंग के मौके पर आर माधवन ने कहा कि यह फिल्म अंतरिक्ष और आईटी क्षेत्रों में भारत के तकनीकी कौशल का उत्सव है। मास्टर नंबी नारायणन को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा, जिनका 'विकास' इंजन कभी विफल नहीं हुआ, उन्होंने मानव संसाधन विशेषज्ञता और वैज्ञानिक उत्कृष्टता के संबंध में दुनिया को भारत के सॉफ्ट पावर कौशल सेट का संदेश भी दिया।

बात करें फिल्म की तो यह रॉकेट्री इसरो के पूर्व वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर नंबी नारायणन की बायोपिक है, जिन पर 1994 में जासूसी का झूठा आरोप लगाया गया था। माधवन फिल्म में मुख्य भूमिका यानी नांबी नारायण का किरदार निभाते दिखेंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। जिसके बाद सभी ने इसको सराहा था।

नंबी नारायण पर आधारित इस फिल्म में आर माधवन मुख्य भूमिका में तो हैं ही इसके साथ ही उन्होंने पहली बार निर्देशन की कमान भी संभाली है। फिलहाल फिल्म को लेकर फैंस खासा उत्साहित दे रहे हैं। बात दें कि रॉकेट्री द नांबी इफेक्ट 1 जुलाई, 2022 को रिलीज किया जाएगा।

मां बनने वाली हैं आलिया भट्ट

# पहले से ही थी चट शादी पट बच्चा की प्लानिंग दोनों 3 साल पहले करना चाहते थे शादी



एक्ट्रेस आलिया भट्ट मां बनने वाली हैं। इसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी थी। इस खबर के आते ही सोशल मीडिया से लेकर हर जगह चट शादी पट बच्चा वाली बात शेयर होने लगीं। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह कोई जल्दबाजी नहीं है कपल इसके लिए पहले से ही तैयार था। रणबीर शुरू से ही शादी के बाद अपनी फैमिली शुरू करना चाहते थे।

### ऋषि-नीतू से मिलती है आलिया की प्रेग्नेंसी

बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर और आलिया 3 साल पहले शादी के बंधन में बंधने वाले थे। दोनों को दो बार अपनी शादी के प्लान को आगे टालना पड़ा था। कपल ने एक बार कोरोना महामारी तो दूसरी बार ऋषि कपूर की खराब तबीयत के कारण अपने प्लान को आगे बढ़ाया था। रणबीर हमेशा से ही अपनी शादी के तुरंत बाद से फैमिली बढ़ाना चाहते थे। इसीलिए यह कोई नया और सरप्राइजिंग नहीं लगा।

हालांकि आलिया ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के मेकर्स को इस बात का भरोसा दिलाया है कि इस प्रेग्नेंसी का उनके काम पर कोई असर नहीं पड़ेगा। रणबीर-आलिया की प्रेग्नेंसी ऋषि और नीतू से भी मिलती है। दोनों ने जनवरी 1980 में शादी की और इसी साल सितंबर में उनकी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी का जन्म हुआ था।

### ओटो शेयर कर दी जानकारी

आलिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर की थी। आलिया ने हॉस्पिटल की फोटो शेयर कर लिखा, 'हमारा बेबी..जल्द आ रहा है'। फोटो में वे अल्ट्रासाउंड करवा रही हैं, जिसमें पति रणबीर भी उनके साथ नजर आ रहे थे। फिलहाल कपल लंदन में हैं।

रणबीर और आलिया ने इसी साल 14 अप्रैल को परिवार और कुछ खास दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी। 2017 में फिल्म ब्रह्मास्त्र के सेट पर मुलाकात के बाद दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया। डेटिंग के 5 साल बाद उन्होंने शादी की।

जुगजुग जियो के सेट पर झगड़े थे एक्टर्स

# सीन को लेकर हुई थी वरुण और कियारा की लड़ाई, डायरेक्टर को करना पड़ा था बचाव

**वरुण-कियारा स्टारर फिल्म जुग-जग जियो इस समय खबरों में बनी हुई है। फिल्म ने पहले ही दिन 9.28 करोड़ की कमाई कर बॉक्स ऑफिस में साल की 5वीं हाईएस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है। एक तरफ जहां ऑडियंस को फिल्म में वरुण और कियारा की केमिस्ट्री बेहद पसंद आ रही है।**



वहीं दूसरी तरफ शूटिंग के दौरान दोनों का बहुत बार झगड़ा हुआ था। वरुण ने बताया कि एक्ट्रेस से उनका झगड़ा इतना बढ़ गया था कि डायरेक्टर राज मेहता को बीच में आकर मामला सुलझाना पड़ा था।

### क्यों हुआ वरुण और कियारा का झगड़ा

एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने बताया कि फिल्म में एक सीन है जहां उनके और कियारा के बीच पति-पत्नी की तरह बहस हो रही है। इस सीक्वेंस को बहुत पसंद किया जा रहा है, लेकिन कोई नहीं जानता की इस सीन को करने से पहले हमारे बीच 2 से 3 बार लड़ाई हुई थी। उन्होंने कहा- मैं और कियारा सीन डिस्कस कर रहे थे। तभी उसने एक डायलॉग को लेकर कहा कि 'मैं ये कहूंगी' पर मैं उनकी बात से सहमत नहीं था।

मैंने कहा कि बतौर पुरुष ये मेरा पॉइंट ऑफ व्यू नहीं है। मुझे मेरे परिवार के लिए कमाना है, क्योंकि यही मुझे मेरे पेरेंट्स ने यही सिखाया है। इसी बात को लेकर कियारा ने मुझे 'शॉविनिस्ट'(जो पुरुष पूरी पुरुष जाति को महिलाओं से बेहतर समझते हैं) कह दिया। तो मेरा कहना था कि, मैं शॉविनिस्ट कैसे हुआ अगर यही बात तुम्हारे पिता और भाई भी सोचते है।

### सेट पर झगड़ा होना कोई नई बात नहीं

ये पहली बार नहीं है कि किसी फिल्म सेट पर एक्टर्स के बीच झगड़ा हुआ हो। इससे पहले भी ऐसा कई बार हो चुका है। 2001 में आई फिल्म 'अजनबी' की बात करें तो शूटिंग के समय ही बिपाशा बसु और करीना कपूर के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया था कि करीना ने बिपाशा को थप्पड़ तक मार दिया था।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI XII B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### इंद्रिरा मार्केट में चला निगम का कब्जा हटाओ अभियान, 50 से अधिक दुकानों पर कार्रवाही

**दुर्ग।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण के विरुद्ध निगम ने अभियान छेड़ रखा है प्रभारी आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने अपने टीम के साथ पहुंचकर इंद्रिरा मार्केट में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग, ग्लो साइन बोर्ड, ठेले, सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा सामान फुटपाट पर समान निकालकर बेचने व आदि को हटाकर सड़क, फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्यवाही इंद्रिरा मार्केट से लेकर स्टेशन रोड, फरिश्ता कम्प्लेक्स, पोलसाय पारा, अग्रेसन चौक तक अतिक्रमण करने वालों पर नगर निगम के अतिक्रमणदस्ता ने बड़ी कार्रवाई की। दुकान के बाहर अतिक्रमण करके सड़क-फुटपाथ पर सामान फैलाकर दुकानदारी करने वालों के खिलाफ नगर निगम अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने कार्रवाई करते हुए दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दुकान के बाहर सड़क व फुटपाट पर समान फैलाकर दुकानदारी न करें वरना जब्त की कार्यवाही की जाएगी।

### रोस्टर बनाकर स्कूलों में कराये टीकाकरण- कलेक्टर

**सूरजपुर।** कलेक्टर सु इफ्फत आरा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में आज उप संचालक पूरन सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में जिले में कोरोना वायरस एवं बरसात को देखते हुए जल जननित रोगों एवं सुपोषण को लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उप संचालक सिसोदिया ने बताया कि जिले में मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रसव कराएं, जीरो डोज, प्रसव के इंडेकेटर का पालन कराया जाना अनिवार्य है। जिले में ही समस्त बीएमओ यह सुनिश्चित करें कि जिले के प्रसव जिले में हो। संभाग के लिए रेफर न होने पाये। समस्त बीएमओ जिले में कोरोना को देखते हुए एन्टीजन टेस्ट एवं आरटीपीसीआर की जांच बढ़ाने के साथ ही जिले में जल जनित रोग डायरिया, पानी जमा होने से मच्छर तथा उनसे होने वाले मलेरिया के रोकथाम की तैयारी रखें।

# मुख्यमंत्री ने बालाछापर में कदंब का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालाछापर गौठान का किया निरीक्षणमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान जशपुर विधानसभा क्षेत्र के बालाछापर गौठान का निरीक्षण कर स्व- सहायता समूह शेड, गौठान में स्थापित तेल, आटा चक्की एवं धान कुटाई मशीन का अवलोकन किया।**



उन्होंने गौठान परिसर के 800 हेक्टेयर में निर्मित स्व-सहायता समूह के उद्यान का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री के गौठान पहुंचने पर महिलाओं ने तिलक लगाकर, आरती उतारकर और सूत की माला पहनाकर परंपरागत तरीके से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान गौठान परिसर में कदंब का पौधा लगाया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने गौठान परिसर में राधा रानी स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित बायोफर्टिलाइजर यूनिट का अवलोकन किया और तरल खाद बनाकर जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए समूह कार्य की सराहना की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि गोबर गोमूत्र तथा गुण का प्रयोग कर बायो कंपोस्टिंग तरल जैविक खाद बनाया जाता है यह तरल जैविक खाद न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है। भूमि में कार्बन के तत्व को बढ़ाता है और खेतों में खरपतवार को नहीं होने देता। यह तरल जैविक खाद फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटाणुओं को भी नष्ट करता है। इस तरल जैविक खाद से भूमि को 50-88 प्रकार के माइक्रो तत्व मिलते हैं। इस खाद के प्रयोग से भूमि में हर साल कार्बन तत्व की मात्रा 0.25 से 0.5 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। यूनिट से एक गाय के गोबर और गोमूत्र से रोजाना 200 लीटर तक तरल खाद बन सकती है। इससे किसान प्रतिदिन 200 रुपये कमा सकते हैं।

रायपुर, 27 जून (आरएनएस)। मुख्यमंत्री ने गौठान में बकरी पालन और मुर्गी पालन गतिविधियों का जायजा लिया। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि वे कड़कनाथ नस्ल और देशी नस्ल की मुर्गा-मुर्गी का पालन का कार्य कर रहे हैं। मुर्गीपालन से उन्हें अब तक 30 हजार से अधिक की आमदनी हुई है। मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित बाड़ी का अवलोकन भी किया। उन्होंने इस दौरान महिलाओं को अच्छी गुणवत्ता की लौकी के उत्पादन, उसके बेहतर रंग और वृद्धि के लिए टिप्स भी दिए। महिलाओं ने बताया कि उद्यान विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में करेला, बरबट्टी, लौकी, तोरई, भिंडी, पपीता आदि का रोपण किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गौठान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित तेल पेराई यूनिट का अवलोकन किया और व्यवसाय विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने समूह की महिलाओं से तिलहन फसलों से तेल निकालने और उनकी बिक्री के बारे में जानकारी ली।

# मंत्री अकबर ने कुर्मी क्षत्रिय समाज के भवन का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा । प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान सहसपुर लोहारा में 10 लाख रूपए की लागत से तिरोला कुर्मी क्षत्रिय समाज के सामुदायिक भवन का विधि-विधान से लोकार्पण किया। मंत्री श्री अकबर ने समाज के नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।**



इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा श्रीवास, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लीला वर्मा, श्रीमती आभा महेन्द्र श्रीवास्तव, तिरोला कुर्मी समाज के अध्यक्ष धनुक वर्मा, परेटन वर्मा, शिवकुमार वर्मा, गिरधारी वर्मा, रूपन वर्मा, चेतन वर्मा, छोटूराम वर्मा सहित समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री अकबर ने कहा कि आर्थिक, समाजिक, शैक्षिणिक रूप से पिछड़े लोगों की जीवन उत्थान और पिछड़े क्षेत्रों का समुचित विकास करना छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य ध्येय है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना और जनहित से जुड़े मांग, समस्याओं का प्राथमिकता में निदान भी किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हम आगे भी समाज के उत्थान और उन्हे विकास के मुख्यधारा में लाने के लिए हरसभव प्रयास करते रहेंगे। तिरोला कुर्मी क्षत्रिय समाज ने कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रति सामाजिक समरसता के उत्कृष्ट कार्य के लिए समाज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### लर्निंग लाइसेंस शिविर का अवलोकन कर देखी व्यवस्था

प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने जिला परिवहन कार्यालय में आयोजित लर्निंग लाइसेंस शिविर का अवलोकन कर पूरी व्यवस्था देखी। शिविर में जिले के युवाओं ने लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर स्थल पर ही ऑनलाइन आवेदन किया और उन्हें तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। इस दौरान मंत्री श्री अकबर ने युवाओं को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया। शिविर में लगभग 840 से अधिक युवाओं ने लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर स्थल पर ही ऑनलाइन आवेदन किया। जिसमें से 516 युवाओं के आवेदन का तत्काल निराकरण कर लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। परिवहन मंत्री श्री अकबर ने लर्निंग लाइसेंस शिविर के अवलोकन के दौरान युवाओं से चर्चा भी की।

# लोगों का जीवन बचाने के लिए समय-समय पर रक्तदान करना जरुरी : मनसुख मांडविया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली( पीआईबी )।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आज प्रदेश कार्यालय मे श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पखवाड़े के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान शिविर में दिल्ली के सभी जिलों से युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने रक्तदान करने वालों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और युवाओं की हौसला अफजाई की।इस रक्तदान शिविर में 262 युनिट रक्त भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दिया। इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी एवं रमेश बिधूड़ी, प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। मनसुख मांडविया ने कहा कि रक्तदान महादान कहलाता है और भाजपा पूरे साल यह कार्यक्रम कई बार आयोजित करती है।

इसलिए समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए जिससे कईयों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने युवा मोर्चा को इस सामाजिक कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान करने से कई लोगों को डर लगता है, लेकिन आज 262 भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर इस मिथ्या को गलत साबित कर दिया है। क्योंकि इसके कई फायदें होते हैं। वजन पर कंट्रोल होने के साथ-साथ दिल की सेहत भी अच्छी होती है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात सुव्यस्थित करने हुई चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक जेआर.ठाकुर,अपर कलेक्टर जेआर.चौरसिया, सीएमएचओ डॉ एनआर नवरत्न सहित परिवहन व संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में एजेंडवार बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं यातायात व्यवस्था सुधार हेतु निर्णय लिए गए।अप्रशिक्षिति चालकों को दुर्घटना से रोकने के लिए ड्राईविंग स्कूल का निर्माण करने एवं ड्रायविंग लायसेंस बनाने समय-समय पर ब्लाक एवं जिला स्तर पर शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव परिवहन विभाग द्वारा दिया गया।मुख्य मार्गो से मिलने वाले सहायक मार्ग पर रंबल स्ट्रीप लगाने एवं वाहन दुर्घटना रोकने व सड़को के किनारे अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया गया।बैठक में पंजीकृत लदान क्षमता से अधिक भार कार्यवाही हेतु धर्मकाटा निर्माण, सड़कों पर अवैध दुकान अतिक्रमण/अनावश्यक होर्डिंग, पोस्टर इत्यादि को समय-समय पर हटाने की कार्यवाही, जिले के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश हेतु समय सीमा निर्धारण, सड़क में लावारिस पशुओं को व्यवस्थित करने हेतु काउकैचर की आवश्यकता तथा सड़कों पर गड्ढ़ों को पाटने, रोड किनारे खड़ा करने वाले वाहनों की पार्किंग की जगह चिन्हाकिंत,हनुमान मंदिर, कचनाधुरवा मंदिर बारूका के पास, जोबा के पहले मोड पुल के पास तथा अंधे मोड व खाई पड़ने वाले रोड़ व पुल पुलियों के पास क्रेस बैरियर लगाने,स्कूली बच्चों को समय-समय पर यातायात नियमों की जानकारी अदि देने के संबंध में चर्चा की गई।बैठक में शराब पी कर वाहन चलाने वाले और रोड़ किनारे बिना वजह अव्यवस्थित तरीके से वाहन पार्किंग करने वालो पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

# सी-मार्ट से स्व सहायता समूह होंगी सशक्त, होगा आर्थिक विकास : राजस्व मंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा ।** जिले की स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक बल देने तथा उनके द्वारा बनाये जा रहे स्थानीय उत्पादों को बेचने के लिए जगह प्रदान करने के उद्देश्य से कोरबा शहर में सी-मार्ट प्रारंभ हो गया है। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं सांसद ज्योत्सना महंत ने पाली तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में टी.पी. नगर चौक स्थित सी-मार्ट का लोकापर्ण किया। साथ ही जिले की महिला समूहों के उत्पादों के ब्रांड हसदेव का भी शुभारंभ किया गया। राजस्व मंत्री और सांसद ने सी-मार्ट से हसदेव ब्रांड के साबुन, शहद, पापड, अगरबत्ती, कोदो राइस, अरहर दाल और आम के आचार आदि खरीदकर सी-मार्ट की पहली बोहनी कराई। उन्होने जनप्रतिनिधियों के साथ सी-मार्ट में रखे गये उत्पादों का अवलोकन किया तथा स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता और कम कीमत मे उपलब्धता की तारीफ करते हुए सभी लोगो से सी-मार्ट में सामान खरीदकर महिलाओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। इस अवसर पर राजस्व मंत्री अग्रवाल ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पाद के बिक्री के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए जिला मुख्यालय में सी-मार्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ताकि स्व सहायता समूह की महिलाओं को अच्छा बाजार मिल सके जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ हो। उन्होने कहा कि सी-मार्ट से जिले की स्व सहायता समूह की महिलाओं को बल मिलेगा। इससे समूह सशक्त होगी तथा महिलाओं का अधिक आर्थिक विकास होगा। सी-मार्ट में एक ही छत के नीचे सभी जरूरत की चीजे लोगो को आसानी से उपलब्ध होगी। साथ ही महिलाओं द्वारा उत्पादित विशिष्ट उत्पाद जैसे कोसा साडी, चांवल, दाल, आचार-पापड, मसाले, साबुन, फिनाइल आदि उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ज्योत्सना महंत ने कहा कि शासन ने महिलाओं को सम्मान देने तथा उन्हे आगे बढाने के लिए सी-मार्ट की योजना लागू की हैं। सी-मार्ट महिलाओं के सशक्तिकरण में नया आयाम है। इससे महिलाओं को आर्थिक बल और सहयोग मिलेगा। जिससे समूह की महिलाओं के घर परिवार की आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी।









































## खास-खबर

### शिक्षक भर्ती में विवाद,हाई कोर्ट ने राज्य शासन को जारी किया नोटिस

**बिलासपुर (ए)।** शिक्षक भर्ती में पदस्थापना विवाद को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। सुरेश साहू ने अधिवक्ता ईशान शर्मा के जरिए हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि उसका चयन शिक्षक पद पर हुआ था जिनकी पदस्थापना सरगुजा संभाग में की गई थी, जबकि उन्होंने अपने पद स्थापना के लिए दुर्ग रायपुर एवं बिलासपुर संभाग में प्राथमिकता अंकित की थी। इसके बाद उन्हें वरीयता में अधिक अंक प्राप्त करने के बाद एवं प्रथम चयन सूची में नाम आने के बाद भी सरगुजा संभाग में पदस्थ कर दिया गया है। उनकी पदस्थापना सरगुजा संभाग में किए जाने के आदेश को चुनौती दी। इसमें प्रकरण की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा तर्क प्रस्तुत कर कहा गया कि उससे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को दुर्ग रायपुर एवं बिलासपुर में पदस्थापना की गई। जिस पर विचार करते हुए जस्टिसआरसीएस सामंत ने शासन को जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देश देते हुए अंतरिम आदेश पारित किया गया। नियमित वेतनमान संबंधी अपने ही आदेश को पलटने और पूर्व में जारी आदेश को निरस्त करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने राज्य शासन के आदेश को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता आबकारी आरक्षकों को राहत दी है। राजीव जायसवाल व 13 अन्य आबकारी आरक्षकों ने अधिवक्ता पुष्कर सिन्हा के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की। इसमें बताया कि वे वर्ष 1992, 1993 व अन्य वर्षों में आबकारी विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ हुए थे।

### बच्चे को आई मोच को लेकर कर रहा था झगड़ा

# विरोध करने पर सनकी पति ने कुल्हाड़ी से काट दी पत्नी की गर्दन

**महासमुंद (ए)।** महासमुंद में एक सनकी युवक ने रविवार देर शाम अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर उसे मार डाला। आरोपी अपनी पत्नी से बच्चे को 20 दिन पहले आई मोच को लेकर झगड़ा कर रहा था। पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसकी हत्या कर दी। वारदात का पता रात को चला, जब आरोपी के छोटे भाई ने खिड़की से अंदर अपनी भाभी का शव पड़ा देखा। उसने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने सोमवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बागबहरा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, ग्राम खोपली निवासी खिलावन मेहर का परिवार ईंट-भट्टे पर काम करता है। पूरा परिवार 20 दिन पहले ही प्रयागराज के एक ईंट-भट्टे पर काम करके लौटा था। बताया जा रहा है कि भट्टे पर काम के दौरान खिलावन के बच्चे राहुल को हाथ में मोच आ गई थी। इसी बात को लेकर खिलावन रविवार शाम करीब 6.30 बजे अपनी पत्नी कौशल्या से घर के बाहर खड़ा झगड़ा कर रहा था। इस पर कौशल्या घर के अंदर चली गई। उसके पीछे खिलावन मेहर भी गया और दरवाजा बंद कर लिया।

खिलावन के छोटे भाई संतोष मेहर ने पुलिस को बताया कि घर के अंदर से भी काफी देर तक झगड़े की आवाज आती रही। फिर सब शांत हो गया। इस पर उसने खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर खिलावन घर के अंदर रखी कुल्हाडी से कौशल्या की गर्दन पर वार कर रहा था। इसके बाद खिलावन ने दरवाजा खोला और वहां से कुल्हाड़ी लेकर भाग गया। इस पर संतोष ने पड़ोस में रहने वाले अपने रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी। वह लोग कमरे में गए तो कौशल्या का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था।

#### पुलिस ने सुबह आरोपी को किया गिरफ्तार

इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके बाद से खिलावन का कुछ पता नहीं था। पुलिस ने उसे सुबह ग्राम खोपली आरटीओ बेरियर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने गुस्से से पत्नी कौशल्या की हत्या कराना बताया। वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और खून से सने कपड़े उसने शौचालय के पीछे छिपाकर रखे थे। उसे भी बरामद कर लिया गया है। खिलावन के भाई संतोष ने हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है। परिवार बहुत ही गरीब है।

# पति से झगड़े के बाद युवती ने लगाई फांसी

### मां-बाप के घर खाना खाने को लेकर हुआ विवाद, फिर फंदे पर लटकी मिली पत्नी की लाश

**कांकेर (ए)।** कांकेर जिले में एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। शादीशुदा युवती का अपने पति के साथ झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उसने ये खौफनाक कदम उठा लिया। बताया गया कि दोनों के बीच युवक के माता-पिता के घर में खाना-खाने को लेकर झगड़ा होता था। फिर झगड़ा हुआ तो युवती ने ये कदम उठा लिया है। मामला बांदे थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम पीवी 107 शक्ति नगर में रहने वाली पितिका सरकार(19) ने 5 साल पहले दीपक शंकर(28) से प्रेम विवाह किया था। दोनों का यह विवाह दीपक के घरवालों को पसंद नहीं था। जिसके कारण पितिका अपने पति के साथ दूसरे घर में रहती थी। दोनों के 3 बच्चे भी हैं।

बताया गया है कि कभी-कभी दीपक अपने माता-पिता के घर जाकर खाना खा लेता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ करता था। इस बीच रविवार रात को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद दीपक दूसरे कमर में सोने चला गया था। घटना की जानकारी उसे तब लगी, जब उसका छोटा बच्चा रोने लगा था।

बच्चे की रोने की आवाज सुनकर जब दीपक पहुंचा तो उसने देखा कि पितिका ने फांसी लगा ली है। फंदे पर उसकी लाश लटकी हुई थी। आस-पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए थे। जिसके बाद पुलिस को भी इस बात की सूचना दी गई। पुलिस ने अब शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि इस केस में अलग-अलग एंगल से जांच जारी है।

### युवक ने तमंचे से गोली मर की खुदकुशी

# शहर के अबगिल्ला की घटना, पुलिस ने कहा-डिप्रेशन में था युवक

**मानपुर (ए)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अबगिल्ला में एक युवक ने सेमवार को तमंचे से गोली मार कर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना पर डीएसपी के नेतृत्व में पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया।

मृतक की पहचान मो. सरफराजुद्दीन के 30 वर्षीय पुत्र मो. तौफिक अहमद जामी के रुप में हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक पहाड़ में विस्फोटक लगाने का काम करता था। बताया जाता है कि युवक इन दिनों काफी परेशान चल रहा था। उसकी हरकतों के कारण परिवार के अन्य सदस्य दूसरे स्थान पर रहते थे। घटना के वक्त घर में वह अकेला था।

दोपहर करीब दो बजे अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर अनहोनी की आशंका से ग्रसित आसपास के लोग जब मौके पर पहुंचे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद पड़ा था। दरवाजा तोड़ कर देखा तो एककुर्सी पर क्षत-विक्षत शव पड़ा था। इसके बाद घटना की सूचना मृतक के परिजनों सहित स्थानीय पुलिस को दी गई। मामले की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उक्त मकान के बाहर जमा हो गए।

#### पुलिस ने खून से लथपथ शव किया बरामद

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पाया कि मकान के भीतर एक कमरे में एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा है और उसके पास एक तमंचा पड़ा था। पुलिस की माने तो मृतक काफी डिप्रेशन में था।

उन्होंने बताया कि मृतक नशे का आदी था। कई बार नशा विमुक्ति केंद्र में भी उसे भर्ती कराया गया था। लेकिन, उसमें कोई सुधार नहीं था। संभवत: इन्ही सब कारणों से परिवार के अन्य सदस्य उससे अलग रहते थे। वहीं मौके पर जारी चर्चाओं की माने तो मृतक का अपनी पत्नी से भी अनबन चल रहा था। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि पहाड़ में पैसे को लेकर भी विवाद था।

### मनरेगा में काम कर रहे स्टूडेंट की मौत

# हाईटेंशन तार की चपेट में आया था बीकॉम का छात्र, सरपंच, सचिव समेत 4 पर एफआईआर

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में हाईटेंशन की चपेट में आकर एक छात्र की मौत हो गई। छात्र मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण का काम कर रहा था। इसी दौरान बांध के ऊपर से निकले तार की चपेट में आकर झुलस गया। हादसा तीन माह पहले का है। पुलिस ने इस मामले में अब सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक समेत एक अन्य के खिलाफ लापरवाही से मौत का केस दर्ज किया है। घटना तीन माह पहले सीपत थाना क्षेत्र की है।



ग्राम उनी निवासी अभिषेक यादव (22) पुत्र नरेश यादव सीपत के गवर्नमेंट कॉलेज में बीकॉम अंतिम वर्ष का छात्र था। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह गांव में ही मनरेगा में सुपरवाइजर का काम करता था। 17 मार्च की सुबह वह तालाब गहरीकरण का काम कराने गया था। इस दौरान वह तालाब के बांध तरफ चढ़ गया।

तालाब से मिट्टी निकाल कर बाहर बांध पर रखी गई थी, जिससे ऊंचाई बढ़ गई। इसके चलते हाईटेंशन तार बांध तक पहुंच गया था। अभिषेक को ऊपर से बिजली तार गुजरने का ध्यान ही नहीं रहा और वह तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

#### लाइन शिफ्टिंग के बिना ही शुरू कराया गहरीकरण

जांच के दौरान पता चला कि ग्राम पंचायत की ओर से बिजली के खंभा और तार को हटाने के लिए बिजली विभाग में प्रस्ताव दिया गया था। इस पर बिजली विभाग की ओर से लाइन शिफ्टिंग में आने वाले खर्च का ब्योरा पंचायत को दे दिया गया था। पंचायत ने विभाग में राशि जमा नहीं की और बिना लाइन शिफ्टिंग के ही सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक ने तालाब गहरीकरण का काम शुरू करा दिया।

पुलिस की जांच में सरपंच रमेश साहू, उप सरपंच राजेंद्र सिंह, सचिव अशोक कुमार साहू, रोजगार सहायक अखिलेश्वर ठाकुर की लापरवाही से मजदूर छात्र की मौत होने का पता चला है। लिहाजा, उनके खिलाफपुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

#### विद्युत वितरण कंपनी पर लापरवाही के लगाए थे आरोप

छात्र की मौत के बाद सरपंच रमेश कुमार साहू ने कहा था कि मनरेगा के तहत काम शुरू करने के पहले ही तालाब के ऊपर से जा रहे हाईटेंशन तार को लेकर विद्युत वितरण कंपनी को खंभा हटाने की मांग की थी। इसके बाद भी विभाग ने लाइन शिफ्टिंग नहीं कराई, इसके चलते तालाब गहरीकरण के दौरान मिट्टी बाहर निकालने पर बांध ऊपर तक पहुंच गया और तार जमीन के करीब आ गया। सरपंच ने अफसरों पर लापरवाही का आरोप लगाया था।

### नाबालिग लड़की का अश्लील वीडियो किया अपलोड

# पकड़ा गया तो बोला- फोन पर आया तो कर दिया अपलोड

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के केस में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। दरअसल, करीब साल भर पहले उसने अपने मोबाइल से 14 साल की नाबालिग लड़की का अश्लील वीडियो अपलोड किया था, जिससे वह नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की निगरानी में आ गया। अब पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। मामला पचपेड़ी थाने का है।

पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम लोहर्सी निवासी संतूराम पटेल (26 साल) खेती-किसानी के साथ रोजी-मजदूरी करता है। करीब साल भर पहले उसने अपने मोबाइल से नाबालिग लड़की का अश्लील वीडियो को अपलोड कर दिया था। हालांकि, उसे यह भी नहीं पता था कि वीडियो किसका है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार ने नाबालिग बालक-बालिकाओं पर बढ़ते अपराध को रोकने के लिए उनके अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल करना अपराध माना गया है। ऐसे संवेदनशील वीडियो की निगरानी एनसीआरबी की ओर से की जाती है। इसके साथ ही वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ केस दर्ज भी कराया जाता है। एनसीआरबी ने बीते फरवरी माह में राज्य शासन के गृह विभाग के माध्यम से एसपी को युवक की पहचान कर केस दर्ज करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने लोहर्सी निवासी संतूराम पटेल को गिरफ्तार किया है। निवासी लोहर्सी अपने ठिकाने से फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच शनिवार की रात को पता चला कि आरोपी अपने परिजनों से मिलने आया है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी संतूराम पटेल को गिरफ्तार कर उसका बयान दर्ज किया, तब उसने बताया कि उसके मोबाइल पर वीडियो आया था, जिसे उसने अनजाने में वायरल किया है। उसे यह भी नहीं पता था कि लड़की कौन है और कहां की रहने वाली है।

# लूट के मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** छात्रा से लूट के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से लूट के 10 मोबाइल और अन्य सामान जब्त किए गए हैं। उसका साथी पहले ही चोरी और लूट के मामले में जेल में है। गिरफ्तार आरोपित भी पहले लूट के मामले में पकड़ा जा चुका है। सीपत थाना प्रभारी और प्रशिक्षु आइपीएस विकास कुमार ने बताया रांक में रहने वाली छात्रा ने लूट की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि आठ अक्टूबर को कालेज गई थी। यहां नामांकन फार्म भरने के बाद वह घर लौट रही थी। देवरी छोटे पुल के पास बाइक सवार युवकों ने पीछे से आकर उनकी साइकिल रोक दी। इसके बाद उनका बैग छीनकर भागने लगे। कुछ दूर जाकर युवकों ने र्स्पये और मोबाइल निकालकर उनका बैग फेंक दिया। छात्रा की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। इसदौरान एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को पता चला कि लूट का मोबाइल तोरवा क्षेत्र में सक्रिय है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में श्रेणी-डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है.

कार्य का विवरण :- बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम समूह नलजल योजनाओं के अंतर्गत UPVC pipe 6kg पाईप लाईन जोड़ने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, बाउण्ड्रीवॉल, क्लोरीनेटर सिस्टम, क्लोरीनेटर रूम, इलेक्ट्रीसिटी कनेक्शन, घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि दिये गये शेड्यूल के अनुसार.

| स.क्र. | सिस्टम नम्बर | निविदा सू.क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 103216 | 53 | बरगांव एकल ग्राम नलजल योजना | 42.91 |
| 2 | 103217 | 54 | तुमड़ीपार एकल ग्राम नलजल योजना | 39.52 |
| 3 | 103219 | 55 | भरदालोधी एकल ग्राम नलजल योजना | 48.51 |
| 4 | 103220 | 56 | कोहकाबोड़ एकल ग्राम नलजल योजना | 42.58 |
| 5 | 103222 | 57 | गातापार एकल ग्राम नलजल योजना | 44.47 |
| 6 | 103223 | 58 | लोलेसरा एकल ग्राम नलजल योजना | 46.58 |
| 7 | 103224 | 59 | खपरीलोधी एकल ग्राम नलजल योजना | 38.30 |
| 8 | 103226 | 60 | मुड़िया एकल ग्राम नलजल योजना | 41.77 |
| 9 | 103227 | 61 | कोरवाय एकल ग्राम नलजल योजना | 48.58 |
| 10 | 103228 | 62 | सोनडोंगरी एकल ग्राम नलजल योजना | 40.61 |
| 11 | 103229 | 63 | बागडुमर एकल ग्राम नलजल योजना | 29.55 |
| 12 | 103230 | 64 | सिंघनपुरी एकल ग्राम नलजल योजना | 34.35 |
| 13 | 103232 | 65 | लालपुर एकल ग्राम नलजल योजना | 46.25 |
| 14 | 103470 | 66 | सोनपुरी एकल ग्राम नलजल योजना | 42.05 |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 29.06.2022
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 05.07.2022

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 29.06.2022 से देखे जा सकते है.

जी-92493/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)



राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766



House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000



माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

खास - खबर

## खेल अकादमी में प्रवेश के लिए, दुर्ग में जिला स्तरीय सिलेक्शन आज व कल

**दुर्ग।** एथलेटिक्स में रूचि रखने वाले 13 से 17 वर्ष के बालक-बालिकाओं के लिए बिलासपुर खेल अकादमी में प्रवेश लेने हेतु दुर्ग में जिला स्तरीय सिलेक्शन रविशंकर स्टेडियम में प्रात: 09:30 से 05:00 बजे तक दिनांक 28 एवं 29 जून को होगा। बिलासपुर में खेल विभाग द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण अकादमी प्रारम्भ की जा रही है। जिसमें एथलेटिक्स का खेल प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां एक आवासीय व्यवस्था होगी, नियमित रूप से बालक-बालिकाओं को यहां रहकर प्रशिक्षण लेना होगा। इसमें प्रवेश लेने वाले बालक-बालिकाओं को आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, दुर्घटना बिमा, खेल प्रशिक्षण आदि सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। 1 अप्रैल 2022 के अनुसार जिन भी बालक-बालिकाओं की आयु 13 से 17 वर्ष के बीच होगी। वह इस सिलेक्शन में भाग लेकर चयनित होने के बाद खेल अकादमी में प्रवेश ले पाएंगे। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के मानक अनुसार प्रतिभागियों का टेस्ट एवं खेल के आधार पर कौशल टेस्ट के द्वारा 28 एवं 29 जून को लिया जायेगा ट्रायल। इसमें पंजीयन हेतु जिला कार्यालय संचालक सहायक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला दुर्ग तथा एथलेटिक्स के लिए ताजुद्दीन मो. नं. 9685334597 व 9406051277 से संपर्क कर सकते है।

# सेक्टर 4 में होगा मंदिर का निर्माण जनता के साथ विधायक ने रखी नीव

### नाली निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किए और गुणवत्ता बनाए रखने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेक्टर 4 में सड़क नंबर 5 और 6 के बीच स्थित ग्राउंड में वार्ड वासियों की मांग पर और वार्ड के नागरिकों के सहयोग से एक मंदिर का निर्माण कार्य किया जा रहा है इस निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन सोमवार दोपहर में किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव उपस्थित रहे जिन्होंने वार्ड वासियों के सहयोग से निर्मित होने वाले मंदिर निर्माण में वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के साथ भूमि पूजन किया।



पंडित ने विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार कर भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। सभी नागरिकों ने नारियल तोड़ कर और कुदाली चला कर मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। और सब ने मिल कर न्यू रखी। भूमि पूजन के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर 4 के नागरिकों के साथ भेंट मुलाकात कर सब का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के संबंध में सार्थक चर्चा की। करीब 1 घंटे तक चली इस चर्चा में वार्ड के नागरिकों ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं के साथ वार्ड में अति आवश्यक सुविधाओं संसाधन की मांग की।

इस अवसर पर कुछ लोगों ने मांग रखी कि वार्ड में एक अच्छा सा गार्डन का निर्माण किया जाए ताकि शाम के समय बुजुर्ग लोग इस गार्डन में सैर कर सके और बच्चों के खेलने के लिए भी एक अच्छी व्यवस्था इस गार्डन में हो जाए वार्ड वासियों की मांग पर भिलाई नगर विधायक ने तत्काल इसकी स्वीकृति देते हुए कहा कि जल्द ही सेक्टर 4 में गार्डन का निर्माण किया जाएगा इसके लिए अधिकारियों को जगह का चयन कर प्रस्ताव बनाने का भी निर्देश मौखिक रूप से दिए हैं ताकि जल्द से जल्द आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके और नागरिकों को एक गार्डन उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर पूर्व प्रवक्ता एनएसयूआई आकाश यादव गुरमुख सिंह फ्तेह सिंह विनय राव अरुण आराम श्वेता मिश्रा प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस लक्खा सिंह लोकेश साहू लक्ष्मण सिंह आदि महिला व पुरूष सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

**नाली निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश**

सेक्टर 4 में वार्ड वासियों सॉन्ग चर्चा के बाद प्ले नगर विधायक क्षेत्र में चल रहा है नाली निर्माण कार्य का भी औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहां निर्माण कार्य गुणवत्ता देखने के साथ ही विधायक ने संबंधित अधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता विश्व स्तर पर बनाए रखें और समय पर निर्माण कार्य पूरा करें निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही व गैर जिम्मेदाराना हरकत बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना के तहत, 7500 लोगों को मिला लाखों के छूट का लाभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महापौर नीरज पाल की पहल से पांच धन्वंतरी मेडिकल स्टोर खुल चुके हैं जहां पर सस्ती दरों में उच्च गुणवत्ता की दवाइयां लोगों को प्राप्त हो रही है। वही छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से भी लोग धन्वंतरी मेडिकल स्टोर भिलाई में आकर दवाइयां खरीद रहे है। कुछ समय पूर्व से छत्तीसगढ़ के आखिरी छोर बीजापुर से एक व्यक्ति मेडिकल का रेगुलर ग्राहक बना हुआ है, अशोक प्रधान कुमार ने मेडिकल में दवाई लेते हुए बताया कि बीजापुर में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर नहीं होने के कारण जब भी भिलाई आने का मौका मिलता है मैं 3 महीने का स्टॉक लेकर अपने निवास बीजापुर जाकर दवाइयों की जरूरतों को पूरा करता हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी का आभार जताया कि ऐसी योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है जिसमें छूट के साथ अच्छी गुणवत्ता की दवाइयां प्राप्त हो रही है। ऐसे ही कई हितग्राही है जो बाहर से आकर भी भिलाई से दवाई खरीद कर अपने सेहत का ध्यान रख रहे हैं। स्वास्थ्य की दिशा में यह एक ऐसी अभिनव पहल है कि कमजोर वर्ग आय तक दवाई की पहुंच हो और सभी स्वस्थ रह सके, इस योजना से अब तक 7500 लोगों को तकरीबन 10 लाख की छूट का लाभ मिल चुका है, वही दवाइयों के स्टॉक में भी वृद्धि की गई है।

## आरएमपी-3 में विभागीय संचार मंच का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आरएमपी विभाग में मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में विभागीय संचार मंच का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक रतन मुखर्जी, महाप्रबंधक सुशांता पाल, उप महाप्रबंधक संजय कुमार नायक, उप महाप्रबंधक डी के वर्मा, उप महाप्रबंधक एस श्रीवास्तव उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि आर के श्रीवास्तव ने अपने उदबोधन में आरएमपी-3 के उत्पादन एवं सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें सुरक्षित कार्यप्रणाली के तहत ही कार्य करना है और उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करना है। हमने अपने वार्षिक उत्पादन योजना को महीनों एवं दिनों में औसतन रूप से विभाजित करके जो दैनिक लक्ष्य निर्धारित किया हैं उन्हें आप जैसे श्रमवीरों के सहयोग से पूरा कर सकते है। बारिश के मौसम में कुछ परेषानियों का सामना करना पड़ता हैं परंतु आप लोगों को सजग रहते हुए दैनिक लक्ष्यों को पूरा करते रहना है और इस प्रकार हम एक दिन अपने वार्षिक लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। महाप्रबंधक रतन मुखर्जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आरएमपी-3 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले दिनों में आरएमपी-3 के उत्पाद का ही भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न इकाईयों में मुख्य भूमिका होगी। हमें आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहना है। हम सब सक्षम एवं अनुभवी हैं आप जैसे कर्मवीरों के श्रमसाधना से सभी चुनौतियों से सक्षमता से निपटेंगे तथा लक्ष्य को भी हासिल करेंगे। कार्यक्रम में विभागीय संचार मंच के माध्यम से आरएमपी-3 के एबीपी, वैक्सीनेशन, विभिन्न वर्गो में प्राप्त सम्मान सहित कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# भिलाई निगम क्षेत्र में लगा पहला आधुनिक वाटर एटीएम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शुद्ध पेयजल शहर सरकार की पहली प्राथमिकता है। बीएसपी के टाउनशिप एरिया में जब शुद्ध पेयजल का संकट हो तो ऐसी परिस्थिति में भिलाई नगर निगम द्वारा आधुनिक वाटर एटीएम की स्थापना करना अपने आपमें एक सुखद व राहतभरी खबर है। निगम प्रशासन की मंशा है कि शहर के टाउनशिप व पटरीपार के निवासी को पीने के लिए शुद्ध जल उपलब्ध करा सके।



इसके लिए निगम प्रशासन सदैव प्रयासरत रही है। विधायक देवेंद्र यादव व महापौर श्री नीरज पाल के पहल से आज 24 घंटे शुद्ध एवं ठंडा पानी मिलने वाले एडवांस तकनीक का एटीएम सेक्टर 05 में प्रथम चरण में शुभारंभ किया गया आगे इसे विभिन्न वार्डों में विस्तार किया जाएगा। वाटर एटीएम के उदघाटन अवसर पर महापौर श्री पाल ने कहा कि भिलाई की जनता को आधुनिक एटीएम की सौगात मिली है। निगम क्षेत्र में शुद्ध पेय जल प्रदाय करने वाटर एटीएम शुरू किया गया है जल्द निगम क्षेत्र के अन्य स्थानों में आधुनिक वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। इस अनूठे वाटर एटीएम में पानी को प्यूरीफाई करने आरओ और एल्कलाइन तकनीक का इस्तेमाल होगा जिससे पानी में सभी प्रकार के मिनरल मिल सके। नागरिक 24 घंटे कभी भी नि:शुल्क प्यूरीफाईड पानी ले सकेंगे। विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने कहा वाटर एटीएम को लेकर शहर के नागरिकों की मांग आज पूरी हुई। आधुनिक वाटर एटीएम को अन्य स्थानों में भी लगाया जाएगा। इससे नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध काफी आसान होगी। उल्लेखनीय है कि निगम वाटर एटीएम लगाकर क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पीने योग्य पानी उपलब्ध कराकर भागीरथी की तरह भूमिका का निर्वाहन कर रही है।

निगम निश्चित तौर पर ऐसा पुनीत कार्य कर प्यासे लोगों के कंठ को तर करने का प्रयास कर रही है। वाटर एटीएम के शुभारंभ के दौरान पीडब्ल्यूडी प्रभारी एकांश बंछोर, एमआईसी सदस्य रीता सिंह गेरा, नरसिंग नाथ, महापौर के निज सचिव वसीम खान, निगम के प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, उप अभियंता श्वेता महेश्वर उपस्थित थे।

# महापौर ने किया कार्यालय का औचक निरीक्षण, नदारद कर्मचारियों को अंतिम चेतावनी, नहीं सुधरे तो मौका नहीं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** महापौर शशि सिन्हा ने सोमवार को लंच के बाद कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टेबल से नदारद कर्मचारियों की खबर ली। आधा दर्जन से ज्यादा अधिक कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि दोबारा गायब रहने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान सभापति केशव बंछोर भी साथ थे।

महापौर दोपहर 3 बजे कार्यालय पहुंची। वे सभापति केशव बंछोर के साथ निगम कार्यालय के लोक निर्माण विभाग, वित्त विभाग, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन शाखा का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान महापौर ने ऐसे आधा दर्जन कर्मचारियों को तलब किया जो लंच का बहाना करते कार्यालय से बाहर थे।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दोबार कार्य में लापरवाही करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान महापौर परिषद के सद्स्य सनीर साहू, परमेश्वर, पार्षद विनय नेताम, चन्द्रप्रकाश निगम, रोहित धनकर आदि उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि अगर कोई भी कर्मचारी बिना सूचना के गायब रहता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। एक दिन गायब रहने पर वेतन कटौती की जाएगी। एक से अधिक दिन गायब रहने पर संबंधित कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषप्रद जवाब नहीं होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

महापौर शशि सिन्हा ने निरीक्षण के बाद कहा कि जो भी कार्यालय समय में नदारद थे उनकी सूची वे आयुक्त को देंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कर्मचारियों के अभाव में पीड़ित नागरिक बैरंग लौटे यह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारी या तो विधिवत अवकाश का आवेदन देकर गायब रहे अन्यथा अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहे।

# ठेका श्रमिक की तर्ज पर ठेका सैनिक बना रही है मोदी सरकार-देवेंद्र यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अग्निपथ योजना को लागू करे भाजपा और उसकी नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार देश के युवाओं को ठेका श्रमिक की तर्ज पर ठेका सैनिक बना रही है। कांग्रेस पार्टी इसका पूरजोर विरोध करती है। इस योजना के तहत देश की सेना में शामिल होने वालों को 4 साल के बाद निश्चित तौर से अपने भविष्य की चिंता सताएगी। प्रदेश के युवाओं में भी इस बात को लेकर जबरदस्त आक्रोश है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता अग्निपथ योजना के खिलाफयुवाओं के साथ है।



यह बातें भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कही। श्री यादव कांग्रेस पार्टी द्वारा अग्निपथ योजना के खिलाफ वैशाली नगर विधानसभा के सुपेला चौक पर आयोजित सत्याग्रह आंदोलन को संबोधित कर रहे थे। श्री यादव ने भिलाई विधानसभा के सेक्टर 1 में आयोजित सत्याग्रह को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार और उनकी नीतियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा केन्द्र की भाजपा नेतृत्व वाली लगातार ऐसे कानून लागू कर रही है, जिससे देश के जनता की भावनाएं आहत हो रही है। उनमें से अग्निपथ योजना को ताजा उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने पूंजीवाद को बढ़ावा देने के लिए तीन किसान कानून लागू किया था।

जनविरोध के बाद उन कानूनों को वापस लेना पड़ा। अग्निपथ योजना को लेकर भी पूरे देश में विरोध की लहर चल रही है। उन्होंने कहा देश का युवा मातृभूमि के लिए शहीद होने के जज्बे के साथ सेना में भर्ती होने की तैयारी करता है। लेकिन केन्द्र सरकार उन्हें 4 साल के लिए ठेका श्रमिक की तर्ज पर ठेका सैनिक बना रही है। देश के अनेक सार्वजनिक उपक्रम को निजी हाथों में सौंपने के बाद जिस तरह की परिस्थिति पैदा की जा रही है उससे सेना में भी ऐसा ऐसा किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

सत्याग्रह आंदोलन में उपस्थित कांग्रेस जनों को वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे, श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर, पूर्व राज्यमंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक भजन सिंह निरंकारी, महापौर नीरज पाल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, राजेन्द्र साहू, बृजमोहन सिंह, तुलसी साहू, नीता लोधी, गुरमीत धनई, अरुण सिंह सिसोदिया, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, केशव चौबे, विजय साहू, जे आर साहू, हरिओम सोनी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं व निगम के पार्षदों ने संबोधित किया।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950